दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 187 | जयपुर, रविवार, 16 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष- दशमी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### कनाडा से मैच हुआ रद्द, इंडिया ग्रुप में टॉप पर




**वाशिंगटन।** भारत और कनाडा के बीच सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 का 33वां मुकाबला गीले आउटफील्ड के चलते रद्द किया गया। यह भारत का आखिरी लीग स्टेज का मैच था और इसके रद्द होने से रोहित शर्मा एंड कंपनी ग्रुप ए में अंक तालिका में 6 पॉइंट्स के साथ टॉप पर समाप्त करेगी। जब अमेरिका ने पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। अब सुपर-8 में इंडिया-अफगानिस्तान का मैच 20 जून को खेला जाना है।

### RSRDC में भ्रष्टाचार के आरोपियों की जमानत खारिज



**जयपुर।** राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में कोर्ट ने रिटायर्ड एएओ एवं एमडी के सलाहकार महेश चन्द्र गुप्ता को जमानत देने से इनकार किया है। साथ ही, जज सुरेन्द्र सिंह ने गंभीर आरोप एवं जांच लंबित बताते हुए की अर्जी खारिज कर दी है। गुप्ता ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर धौलपुर व अधिशासी अभियंता सियाराम चन्द्रावत एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर भरतपुर व अधिशासी अभियंता लक्ष्मण सिंह से 1.20 लाख रुपए लिए थे। एसीबी ने तीनों आरोपियों को रिश्वत लेते-देते 3 जून को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार जयपुर पहुंचे भागीरथ चौधरी, बोले...**

# कोविड नहीं आता तो 2022 में किसानों की आय होती दोगुनी

**बेधड़क | जयपुर**

केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार शनिवार को जयपुर पहुंचे। चौधरी प्रदेश भाजपा मुख्यालय भी पहुंचे अजमेर से लोकसभा सांसद भागीरथ चौधरी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि देश का अन्नदाता सर्व संपन्न बने, जबकि पीएम मोदी किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में दिन-रात काम कर रहे हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि कोविड नहीं आता तो देश के किसानों की आय 2022 तक दोगुनी हो जाती। मोदी सरकार 2014 से इस लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्ध है। जब तक देश का किसान खुशहाल नहीं बनेगा, तब तक विकसित भारत की कल्पना साकार नहीं हो सकती है। जयपुर के बाद चौधरी अपने गृह क्षेत्र अजमेर पहुंचे। इस दौरान कई जगहों पर उनका स्वागत किया गया।



### पिछले 10 साल में किसानों को अहमियत

केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के किसान की पिछले 10 सालों में जितनी सुध ली गई है, वह पिछले 70 साल में नहीं ली गई। मोदी सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में कई निर्णय लिए। किसानों के हित में मोदी सरकार तीन कानून लेकर आई थी, लेकिन विपक्ष ने उन कानूनों का विरोध किया। मोदी सरकार किसानों की भलाई के लिए हर दिन काम कर रही है, लेकिन विपक्ष किसानों को इस दबी-कुचली व्यवस्था में रखना चाहता है। किसानों को उपज का पूरा मूल्य देने के लिए पिछले 10 साल में समर्थन मूल्य पर भारी बढ़ोतरी की है, जबकि विपक्ष ने 70 साल में किसानों को उपज का पूरा मूल्य दिया होता तो आज देश का अन्नदाता समृद्ध होता। विपक्ष ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की।

### पीएम जुटे हैं किसान को आत्मनिर्भर बनाने में

चौधरी ने कहा कि 2014 से जब से मोदी ने प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली तब से वह किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2022 तक जो किसानों की आय दोगुनी होने का कहा गया था, वह लक्ष्य जरूर पूरा होता, लेकिन दो से ढाई साल कोविड बाधा बन गया। अब जल्द किसान समृद्ध होंगे।

### 100 दिन की कार्य योजना तैयार

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना तभी सरकार हो सकती है, जब देश का किसान समृद्ध होगा और इस दिशा में मोदी सरकार काम कर रही है। कृषि मंत्रालय ने 100 दिन की कार्य योजना तैयार कर ली है, जिसमें किसानों की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पिछले 4 दिन से मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की है।

**मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार का अहम फैसला: RSSB के अफसर -कर्मचारी सेवा नियमों संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी**

# अब पारदर्शी व समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया हो सकेगी सुनिश्चित

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के संपन्न होने के साथ ही प्रदेश की भजनलाल सरकार एक्शन मोड में आ गई है। इस सप्ताह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के बड़े फैसले के बाद शनिवार को एक और अहम फैसला लेते हुए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बड़ा तोहफा दिया है। इसके तहत आरएसएसबी के अधिकारी व कर्मचारी संवर्ग के सेवा नियमों संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। सीएम भजनलाल ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (राजपत्रित) सेवा नियम, 2024 एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (मंत्रालयिक एवं अधीनस्थ) सेवा नियम, 2024 का अनुमोदन किया है। साथ ही, राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवाएं (सामान्य पात्रता परीक्षा) नियम, 2022 में आवश्यक संशोधन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की है।

### कार्मिक संवर्ग के चयन में और अधिक सुगमता आएगी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न निर्णयों में काम संचालित है। अब सीएम भजनलाल के इस निर्णय से बोर्ड के सेवा नियमों के निर्धारण की राह खुलने के साथ ही बोर्ड के कार्मिक संवर्ग के चयन में सुगमता आएगी। कर्मचारी चयन बोर्ड के सशक्त एवं स्वतंत्र होने से पारदर्शी एवं समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के गठित होने के साथ ही पिछले 10 वर्षों में बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी संवर्ग के लिए सेवा नियम नहीं बनाए गए। जिससे पदों की स्वीकृति, भर्ती, पदोन्नति, वरिष्ठता एवं वेतन भत्तों के निर्धारण आदि के कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पा रहे थे।



### बोर्ड के माध्यम से होगी वाहन चालकों की भर्ती

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभिन्न विभागों के वाहन चालकों के पदनाम में एकरूपता लाते हुए शैक्षणिक योग्यता के सेवा नियमों में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस संबंध में वाहन चालक पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता आठवीं से अपग्रेड करते हुए सेकेंडरी या समकक्ष किए जाने का निर्णय लिया गया है। सीएम शर्मा के इस निर्णय से भविष्य में वाहन चालकों की भर्ती के लिए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा एवं ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया जा सकेगा। इससे सुगम एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के जरिए कुशल वाहन चालकों का चयन किया जा सकेगा।

### आज ब्यावर के दौरे पर रहेंगे सीएम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को ब्यावर दौरे पर रहेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे जयपुर से हेलिकॉप्टर से रवाना होकर करीब 12 बजे ब्यावर कालेज ग्राउंड हैलीपेड पर उतरेंगे। जहां से वे ब्यावर में आशापुरा माता धाम पहुंच कर जनसभा एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। सीएम भजनलाल का सम्मेलन में भाग लेने के बाद दोपहर दो बजे हेलिकॉप्टर से जयपुर लौटने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है।

**उत्तराखंड हादसा: PMO देगा 2-2 लाख**

# टेंपो ट्रैवलर नदी में गिरा, 14 की मौत

**बेधड़क | देहरादून**

रुद्रप्रयाग जिले के रैतोली के पास ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर में 23 यात्रियों को ले जा रहा एक टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिर गया। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि इस दुर्घटना में सड़क किनारे खड़े लोगों को भी चोटें आई हैं। उत्तराखंड की स्टेट डिजास्टर रेस्पोंस फोर्स से मिली जानकारी के अनुसार हादसे के दौरान वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 500 मीटर नीचे अलकनंदा नदी में जा गिरा।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मरने वालों के परिवारों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए के मुआवजे की घोषणा की है। एसडीआरएफ के मुताबिक दुर्घटना के दौरान एक महिला गाड़ी से छिटककर लगभग 80 मीटर नीचे झाड़ियों में अटक गई थी। उसे सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। गढ़वाल के पुलिस महानिरीक्षक के एस नगन्याल ने बताया कि हादसे का शिकार हुए पर्यटक चोपता घूमने जा रहे थे, लेकिन गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि टेंपो ट्रैवलर में सवार ज्यादातर लोग दिल्ली के रहने वाले थे।



### राष्ट्रपति और पीएम ने व्यक्त की संवेदना

“ रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड में एक सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु होने का समाचार दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

-राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

“ उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में सड़क दुर्घटना हृदय विदारक है। इसमें अपने प्रियजनों को खोने वाले शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं. राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में लगा हुआ है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**मौसम खा सकता है पलटी... आंधी बारिश की संभावना**


# आज प्रदेश के 12 जिलों में येलो अलर्ट

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में जल्द ही मानसून की एंट्री होगी। इससे पूर्व प्रदेश के विभिन्न जिलों में आंधी बारिश व तेज हवाओं का दौर जारी है, जो आगामी दो दिन जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने अब प्रदेश के 12 जिलों में 16 व 17 जून को आंधी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

राजधानी जयपुर में दिन में चिलचिलाती धूप ने गर्मी का अहसास कराया। हालांकि दोपहर बाद छाए हल्के बादलों से गर्मी से थोड़ी राहत मिली। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान जयपुर, दौसा, भरतपुर, अलवर, करौली, कोटा, बूंदी, बारां में कई जगह हल्की बारिश हुई। जयपुर, भरतपुर, अलवर में दोपहर बाद कुछ जगह आंधी चली। 16 जून को श्रीगंगानगर, सिरोही, प्रतापगढ़, कोटा, झालावाड़, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, बारां और बांसवाड़ा जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इसी प्रकार 17 जून को बांसवाड़ा, बारां, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा और प्रतापगढ़ जिलों के लिए आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।



**छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में मुठभेड़... एक जवान शहीद, दो घायल**

# सुरक्षाबलों ने 8 नक्सलियों को किया ढेर

**बेधड़क | रायपुर**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में शनिवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 8 नक्सलियों को मार गिराया। जानकारी के अनुसार यहां अबूझमाड़ के जंगलों में यह मुठभेड़ हो रही है।

मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गया है और दो जवान घायल हैं। यहां सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सीमावर्ती जिलों के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया है। जवानों का संयुक्त ऑपरेशन अबूझमाड़ के कुतुल फरसबेड़ा कोड़तामेटा क्षेत्र में जारी है।



### 1400 STF जवान कर रहे सर्चिंग

नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गए और दो के घायल होने की खबर है। बस्तर संभाग के जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव से डीआरजी और एसटीएफ के 1400 जवान सर्चिंग पर निकले हैं।

**लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा**

# हारी 11 सीटों पर मंथन... संगठन में जल्द कुछ बदलाव होने की संभावना

- भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में दो दिवसीय समीक्षा बैठक हुई शुरू
- पहले दिन सीएम भजनलाल शर्मा सहित कई नेता रहे मौजूद
- एक-एक सीट पर चर्चा, पार्टी प्रत्याशी भी रहे मौजूद

**बेधड़क | जयपुर**

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा की 11 सीटों पर हुई हार पर मंथन जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में हार के कारणों की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई गई। ये बैठक रविवार को भी जारी रहेगी।

भाजपा का ‘मिशन-25’ सफल नहीं होने के बाद से ही नेताओं में चिंतन का दौर जारी है। कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा खुद दिल्ली जाकर पार्टी हाईकमान को 11 लोकसभा सीटों पर मिली हार के कारणों वाली रिपोर्ट सौंप कर आए थे। अब प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को हुई बैठक में एक दशक बाद मिली इस हार को लेकर सीटवाइज चर्चा की गई।




**ये रहे मौजूद**
दो दिवसीय बैठक पहले दिन हुई बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा, BJP प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश चुनाव प्रभारी विनय सहस्रबुद्धे, विजया राहटकर और प्रवेश वर्मा समेत कई नेता मौजूद रहे।

### सरकार में नहीं हो रहा कोई बदलाव

पार्टी सूत्रों के मुताबिक सीएम ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इस बार 11 सीटों पर हार की बड़ी वजह पार्टी के कई बड़े नेताओं की निष्क्रियता और राजस्थान में संगठन का कमजोर होना है। यही वजह रही है कि इस बार भाजपा के मत प्रतिशत में 9.83 की गिरावट दर्ज हुई है। दिल्ली भाजपा के सूत्रों के अनुसार, फिलहाल राजस्थान सरकार में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है। अब मुख्यमंत्री के सामने अगली बड़ी चुनौती कुछ विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव और नवंबर में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव हैं। इसके अलावा निकाय चुनाव और फिर पंचायत चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन को बेहतर करना सीएम के लिये बड़ा टास्क होगा। इन चुनावों को जीतने के लिए संगठन में बड़े बदलाव तय हैं।

### किरोड़ी ने इस्तीफे के सवाल पर मुंह पर अंगुली रखकर चुप्पी साधी



कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने इस्तीफे के सवाल पर मुंह पर अंगुली रखकर चुप्पी साध ली। वे शनिवार को माउंट आबू के प्रजापति ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय में थे। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद से उनके इस्तीफे की अटकलें तेज हैं। 4 जून के बाद से वे विभाग जाना छोड़ चुके हैं। सरकारी गाड़ी भी छोड़ दी है। शनिवार को जब मीडिया ने उनसे इस्तीफे के बारे में पूछा तो उन्होंने मुंह पर अंगुली रख ली। अब उनका यह वीडियो वायरल हो रहा है। -पेज 2 भी देखें

### मैराथन रही बैठक... आज भी होगी

बैठक दोपहर 12 बजे शुरू हुई जो देर शाम तक चली। बैठक लोकसभा सीट के प्रत्याशी भी शरीक हुए। बैठक में एक-एक सीट पर सिलसिलेवार ढंग से हार के कारणों पर चर्चा की गई। बता दें, भाजपा को इस बार श्रीगंगानगर, चूरू, झुंझुनूं, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा, टोंक-सवाईमाधोपुर, बाड़मेर, सीकर, नागौर और बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर हार का सामना करना पड़ा था।

## जरूरी खबर

### जनसुनवाई में वन मंत्री ने सुनी आमजन की पीड़ा



**जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने शनिवार को अलवर सर्किट हाउस एवं अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। मंत्री शर्मा ने जिलेभर से आए फरियादियों की परिवेदनाओं को गंभीरता से सुनकर मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी माध्यम से आमजन की परिवेदना प्राप्त हो तो उसका त्वरित निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रकृति की समस्याओं में अविलम्ब कार्रवाई की जाए। यदि उच्च स्तर से संबंधित परिवेदना हो तो फरियादी को इसकी प्रक्रिया की पूरी भी दें।

### पीएम मोदी महिला विकास के लिए कर रहे हैं कार्य

**जयपुर।** भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अल्का गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव, गरीब, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद राजस्थान की भजनलाल सरकार ने नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा फैसला किया है। प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अब तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण की सीमा 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का ऐतिहासिक निर्णय किया है।

### केंद्रीय मंत्री ने की जनता की खुशहाली के लिए कामना



**जयपुर।** केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शनिवार को अलवर में जगन्नाथ मंदिर, त्रिपोलिया महादेव मंदिर एवं बाबा भर्तृहरि मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री ने देश व प्रदेश में अच्छी वर्षा होने की प्रार्थना कर कहा कि अच्छी वर्षा होने से अन्नदाता किसान की अच्छी फसल होती है व अमृत रूपी जल प्राप्त होता है जिससे देश में खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प जनसहभागिता के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अलवर जिले के सर्वांगीण विकास में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं रखी जाएगी।

**लोकसभा चुनाव में नागौर से भाजपा प्रत्याशी रही ज्योति मिर्धा ने सांसद बेनीवाल पर साधा निशाना**

# बैसाखियों की राजनीति छोड़ें... दम है तो अकेले लड़ें चुनाव

बेधड़क । जयपुर

लोकसभा चुनाव 2024 में राजस्थान से आए निराशाजनक परिणाम के बाद भाजपा जहां एक ओर हार के कारणों की समीक्षा में जुटी है, वहीं दूसरी ओर नेता एक-दूसरे को ललकारते नजर आ रहे हैं।

नागौर से भाजपा प्रत्याशी रहीं ज्योति मिर्धा शनिवार को आरएलपी सुप्रीमो और नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल को चुनौती देते हुए बोलीं कि वे अब तक घालमेल और बैसाखियों की राजनीति करते आए हैं। दम है तो अकेले चुनाव लड़के दिखाएं। ज्योति मिर्धा ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा को लेकर बैठक होनी चाहिए। बैठक में चर्चा होती है तो खामियों का पता लगता है और भविष्य में उन गलतियों की पुनरावृत्ति न हो, उस पर निर्णय लिया जाता है। मिर्धा ने कहा कि आने वाले समय में उपचुनाव होंगे। इन उपचुनावों में लोकसभा चुनाव के दौरान हुई गलतियों को सुधारने की जरूरत है, ताकि आगे उसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा में अच्छी बात है कि यहां पर अच्छे-बुरे सभी परिणामों पर चर्चा और मंथन के बाद सुधार करने का प्रयास किया जाता है।



### घालमेल की राजनीति करते हैं बेनीवाल

नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल को लेकर ज्योति मिर्धा ने कहा कि बेनीवाल पुराने समय से घालमेल की राजनीति करते हैं। गुढाने चलने की उनकी पुरानी आदत है। पहले बीजेपी के साथ में चुनाव लड़े और फिर अशोक गहलोत के चरणों में जाकर बैठ गए थे। अब कोशिश कर रहे हैं कि किसी तरह भाजपा के चरणों में आ जाएं। बेनीवाल को लग रहा है कि उनकी दुकान का शटर डाउन हो रहा है। इसलिए उनमें घबराहट मची हुई है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भाजपा की ओर से उनको कोई समर्थन नहीं मिलेगा। ज्योति ने कहा कि आगे क्या होगा, उसको लेकर तो मैं कुछ कह नहीं कह सकती, लेकिन हनुमान बेनीवाल हमेशा चैलेंज करते हैं कि मैं अकेला चुनाव लड़ता हूं, मैंने पार्टी बनाई है। अब इस बार मैं भी कहती हूं कि बेनीवाल अकेले आकर चुनाव लड़ें। हमेशा घालमेल की राजनीति करते हैं। बैसाखियों के साथ चलते हैं। दम है तो अकेले चुनाव लड़कर दिखाएं।

### उपचुनाव लड़ने पर कोई बात नहीं

खींवसर से उपचुनाव लड़ने के सवाल पर ज्योति ने कहा कि उनसे इस विषय पर पार्टी से कोई चर्चा नहीं हुई है। पार्टी जो भी निर्णय लेगी, उसी के अनुसार काम करना है, लेकिन यह तय मान कर चलिए कि इस बार के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी निश्चित रूप से जीत दर्ज करेगी।

### नई ऊंचाइयों को छुएगा भारत

पीएम नरेन्द्र मोदी के 400 पार के नारे को लेकर मिर्धा ने कहा कि ये नारा कोई अहंकार नहीं था। पीएम मोदी तो देश को एक नई दिशा देना चाहते थे, इसलिए देश की जनता से समर्थन मांग रहे थे। मुझे खुशी है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं और पूरा विश्वास है कि भारत उनके नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को छुएगा। आरएसएस और इंद्रेश कुमार के बयान को लेकर मिर्धा ने कहा कि इस बयान पर उनका खंडन आया है, उसका भी संज्ञान लेना चाहिए।

**सुकुन की तलाश में पहुंचे माउंट आबू, ब्रह्माकुमारी मुख्यालय भी गए**

# इस्तीफे के सवाल पर मंत्री किरोड़ी लाल ने साधी चुप्पी

बेधड़क । जयपुर

राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के इस्तीफे को लेकर लगातार चर्चा जारी है। लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद से किरोड़ी लाल मीणा के इस्तीफे की अटकलें तेज हैं। 4 जून के बाद से किरोड़ी लाल मीणा विभाग जाना छोड़ चुके हैं। उन्होंने अपनी सरकारी गाड़ी भी छोड़ दी है। इस बीच शनिवार को अपने अगले राजनीतिक मूव से पहले किरोड़ी लाल मीणा सुकून की तलाश में जयपुर-दौसा छोड़ माउंट आबू पहुंचे थे।

माउंट आबू पूरी दुनिया में आध्यात्मिक सशक्तिकरण के प्रमुख केन्द्र प्रजापति ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय के लिए जाना जाता है। शनिवार को बाबा किरोड़ी लाल मीणा ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। लेकिन इन मुलाकात के बाद किरोड़ी लाल मीणा से जब मीडिया ने इस्तीफे के बारे में पूछा तो उन्होंने मुंह पर अंगुली रख ली। अब किरोड़ी लाल मीणा का यह वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल किरोड़ी लाल मीणा ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान ही यह घोषणा की थी कि पीएम मोदी ने मुझे जिन 7 सीटों की जिम्मेवारी दी है, उन सातों में यदि किसी एक सीट पर भाजपा हारती है तो मैं मंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा। किरोड़ी लाल मीणा को राजस्थान की भरतपुर, धौलपुर करौली, अलवर, जयपुर ग्रामीण, दौसा, टोंक सवाई माधोपुर और झालावाड़ सीटों की जिम्मेदारी मिली थी।

इन सात सीटों में 4 में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। भरतपुर में कांग्रेस की संजना जाटव, धौलपुर करौली में कांग्रेस के भजनलाल जाटव, दौसा में मुरारी लाल मीणा तो टोंक सवाई माधोपुर में कांग्रेस के हरीश चंद्र मीणा ने जीत हासिल की है।

### इस्तीफे के सवाल पर मुंह पर रखी अंगुली



इन सीटों पर मिली हार के बाद से लगातार किरोड़ी लाल मीणा के इस्तीफे की अटकलें चल रही है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि किरोड़ी लाल मीणा की इस्तीफा तैयार है, लेकिन वो दिल्ली के मैसेज का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच शनिवार को जब किरोड़ी लाल मीणा माउंट आबू पहुंचे तो मीडिया के इस्तीफे वाले सवाल पर उन्होंने मुंह पर अंगुली रखकर चुप्पी साध ली।

### राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी से लिया आशीर्वाद

बताते चले कि कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा शनिवार को ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के मुख्यालय शांतिवन में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। दादी ने मंत्री मीणा का शॉल पहनाकर और परमात्मा का स्मृति चिंह भेंट कर स्वागत किया। मंत्री मीणा ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान सराहनीय सेवा कर रहा है। दुनिया का पहला संस्थान जहॉ संचालन सिर्फ बहनों के हाथों में यह है यह अदभुत है।

### ब्रह्माकुमारीज की पहल को मंत्री मीणा ने सराहा

एक सवाल के जवाब में कला एवं संस्कृति प्रभाग की अध्यक्षा बीके राजयोगिनी चंद्रिका दीदी ने बताया कि श्वेत वस्त्र शांति और पवित्रता का प्रतीक होता है। इसलिए ब्रह्माकुमारीज़ में सभी भाई और बहनें श्वेत वस्त्र पहनते हैं। संस्थान के ज्ञान का मुख्य फाउंडेशन पवित्रता है। इसमें समर्पित भाई और बहनें ब्रह्मचर्य व्रत लेकर परमात्मा की सेवा में जीवन समर्पित करते हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि साधु-संत-तपस्वी हैं, आप महातपस्वी है। नशामुक्त भारत अभियान से लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मंत्री ने शिव भोलानाथ का भंडारा के भ्रमण के दौरान कहा कि यह बहुत ही आधुनिक बना है। इसके अलावा मंत्री ने विशाल डायमंड हॉल को भी देखा और इसके बनने की प्रक्रिया को जाना।

## खबरों में बेधड़क खबर




### पीटर की ठेकों पर नजर

राजधानी में तैनात एक पीटर साहब की कार्यशैली इन दिनों चर्चा में है। दूसरी रेंज से आए पीटर साहब अब अपनी लय में आ गए हैं। साहब की कार्यशैली से सर्किल के सभी गामा भी पशोपेश में पड़ गए हैं। दरअसल साहब की नजर सर्किल में स्थित शराब के ठेकों पर है। समय सीमा आठ बजे से पहले साहब शराब के ठेकों पर अपने अधिनस्थों को भेजकर सेल्समैनों को परेशान करते हैं। साहब के इशारे पर सेल्समैनों को पकड़कर थाने लाया जा रहा है। इसके खाकी में कई मायने निकाले जा रहे हैं। शराब ठेकेदारों ने इसकी शिकायत आबकारी के अफसरों से की तो नसीहत मिली की साहब से मैनेजमेंट तय करो। नसीहत मिलने के बाद कई ठेकेदारों ने तो सैटिंग करके राहत पा ली, लेकिन कुछ ठेकेदार घाटा लगने के कारण सैटिंग नहीं बैठा पा रहे हैं। ऐसे में साहब अपने अधिनस्थों से जबरन कार्रवाई करा रहे हैं। यह मामला शहर की खाकी में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### टाइगर: बिल्डर को राहत देने में दिलचस्पी

शहर में जमीन से जुड़े एक मामले में टाइगर साहब बड़ी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। मामला किले के इलाके के आस-पास स्थित जमीन का है। दरअसल एक बुजुर्ग दंपती ने अपने बेटों के लिए दुकान खरीदने के लिए एक बिल्डर से जमीन का सौदा किया था। बिल्डर ने जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर हड़पने की पूरी साजिश कर ली और पीड़ित को सौदे की कीमत भी नहीं दी। ठगी के शिकार हुए बुजुर्ग दंपती ने मेट्रो स्टेशन के पास वाले थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद बुजुर्ग को खाकी न्याय देने की शुरूआत कर दी थी, लेकिन चर्चा है कि बिल्डर ने टाइगर की चोखट पर मैनेजमेंट बैठाया और मामले को रफा-दफा कराने की तैयारी कर ली। टाइगर ने भी बिल्डर के इशारे पर जांच किसी और को दे दी। अब टाइगर के इशारे पर बिल्डर को फाइल में राहत देने की पूरी तैयारी कर ली है। इसको लेकर कई तरह के मायने निकाले जा रहे हैं। बिल्डर व टाइगर के बीच हुए गुणा-भाग का यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### वापसी के लिए लॉयन कर रहे जोर आजमाइश

खाकी में एक लॉयन साहब पुराने टास्को को पूरा करने के लिए राजधानी में वापसी के लिए जोर-आजमाइश कर रहे हैं। साहब ने एमआई रोड़ वाले ऑफिस की तो लंबी कतार देखकर जोड़-तोड़ लगाना बंद कर दिया, लेकिन वापसी के लिए साहब ने रेंज की पोस्टिंग के लिए गुणा-भाग लगाना शुरू कर दिया है। इसके लिए साहब एडी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। चर्चा है कि पहली वाली पोस्टिंग के दौरान साहब के कई टारगेट पूरे नहीं हुए थे। ऐसे में साहब उन टारगेटों को ईमानदार बनकर अब पूरा करेंगे। साहब के चेहरे से दिखने वाली ईमानदारी के खाकी में चर्चे थे, लेकिन साहब के इन चर्चो की हकीकत कुछ और ही निकली थी। क्योंकि साहब अपने चहेतों को पोस्टिंग दिलाकर मनमाफिक निर्णय कराते थे। एक गामा ने तो साहब के आदेशों की पालना नहीं की थी तो साहब ने देख लेने की धमकी तक दे डाली थी। अब साहब की वापसी की सूचना पर उनके चहेतों द्वारा उनकी टीम में फिर से शामिल होने के प्रयासों की चर्चा खाकी में जोर-शोर से है।

### पैंथर को पोस्टिंग की उम्मीद

लालकोठी वाले सात मंजिला भवन में बैठने वाले पैंथर साहब फिल्ड पोस्टिंग को लेकर परेशान नजर आ रहे हैं। साहब को कुछ अफसर दिलासा देकर उनका मन बहला देते हैं कि वे भी नॉन फिल्ड है। फिल्ड में जाकर करना भी क्या है, लेकिन साहब के फिल्ड में जाने के मकसद कुछ और ही हैं। भवन के गलियारों में चर्चा है कि साहब भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में महत्वपूर्ण पदों पर फिल्ड में रहे, लेकिन सरकार बदलने के बाद साहब को बर्फ में लगा दिया। साहब ने कैसे-जैसे जुगाड़ करके पोस्टिंग तो ली, लेकिन चंद घंटों के बाद साहब फिर से नॉन फिल्ड हो गए। अब फिर से भाजपा सत्ता में आ गई, लेकिन पैंथर साहब का एमआई रोड़ वाले ऑफिस में बैठने का ख्वाब अभी भी अधूरा ही है। साहब ने पोस्टिंग के लिए कई अप्रोच लगाई, लेकिन हर बार फेल हो जाते हैं। चर्चा है कि अब आने वाली बड़े अफसरों की सूची में साहब का नाम आना तय हो गया है। क्योंकि साहब ने इस बार हर मंदिर व नेता के देवरे पर ढोक लगाई है। इससे साहब को इस बार पोस्टिंग की बड़ी उम्मीद है।

**- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

**सीएलजी की मीटिंग में पुलिस अधिकारियों ने कहा...**

## अपराध रोकने में पुलिस की करें मदद

बेधड़क । चाकसू



थाना परिसर में शनिवार शाम को सीएलजी सदस्यों की बैठक एसीपी सुरेंद्र सिंह की मौजूदगी में थाना प्रभारी कैलाश दान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधिकारी ने सीएलजी सदस्यों से चर्चा कर कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही समस्याओ के बारे में चर्चा की।

वही, सीएलजी सदस्यों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरियों के मामलों मे शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की, जिससे ऐसे असामाजिक तत्वों पर पुलिस का भय व्याप्त हो सकें। वहीं, कस्बे में तेज गति से चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई। इस पर थाना प्रभारी कैलाश दान ने कहा कि ऐसे वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि आमजन को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए। अपराध करने वाला किसी भी समाज या वर्ग का हो वह सिर्फ अपराधी होता हैं।

ऐसे लोगों के बारे में पुलिस को जानकारी साझा करें। वहीं पुलिस भी असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर नजर बनाए हुए हैं। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ईद-उल अजहा की शुभकामनाएं देते हुए सभी त्यौहार भाईचारे और प्रेम से मनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका चेयरमैन अब्दुल हमीद खोखर, शहर चीफ काजी मो. याकूब नागौरी, हाजी मेहराज खान, इरशाद खान, व्यापार मंडल से शंकर यादव, भोमाराम बैरवा, रामबाबू गोड़ीवाल, मोहन लाल बोहरा, हनुमान सहाय प्रजापत, मोहित अग्रवाल, कालूराम सारण सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## जलस्रोतों की सफाई और अतिक्रमण हटाने की मांग

**चाकसू।** कस्बे में आबादी क्षेत्र के आस-पास तालाब, कुएं एवं बावड़ियों का बहुत ही व्यवस्थित ढंग से निर्माण करवाया था। तालाबों एवं बंधों में पानी की आवक एवं अतिरिक्त पानी के निकास की समुचित व्यवस्था की गई तथा आसपास के खेतों की सिंचाई के लिए नहरों का भी निर्माण करवाया था।

चाकसू नगरपालिका क्षेत्र में पूर्वी दिशा में मनोहरा तालाब, पश्चिम में गोलीराव तालाब, उत्तर में शिवडूंगरी एवं लाकावास बांध अभी तक मौजूद हैं, लेकिन समय के साथ बढ़ती आबादी एवं नलों से पेयजलापूर्ति होने के बाद से ही इन जलाशयों के हालात बदतर होने लग गए। पानी के आवक एवं निकास मार्ग पर अवैध अतिक्रमण हो चुके। सिंचाई के लिए बनी नहरों पर लोग काबिज हो गए। मनोहरा तालाब तो शहर के गंदे पानी का पोखर बन कर रह गया। गोलीराव तालाब के भराव क्षेत्र में विलायती बबूल एवं झाड़ियां पनप रही है।शिव डूंगरी एवं लाकावास बंधें के भराव क्षेत्र में खेती होने लगी है। वरिष्ठ नागरिक सीताराम शर्मा, रामजीलाल शर्मा, पार्षद दिनेश शर्मा, राधेश्याम शर्मा, नाथूलाल खंडेलवाल आदि का कहना है कि जलाशयों की सार संभाल एवं पानी के आवक मार्गों से अतिक्रमण हटाने का प्रयास करना चाहिए। जिससे क्षेत्र में पानी की समस्या का निवारण हो सकें।

## भजनलाल सरकार ने 45% वादे पूरे किए: बागड़ी

बेधड़क । जयपुर



प्रदेश भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी शनिवार को कुचामन पहुंचे। यहां मीडियाकर्मियों से रूबरू हुए बागड़ी ने राज्य की भजनलाल सरकार की जमकर तारीफ की।

उन्होंने कहा कि अभी राज्य में भाजपा की सरकार बने महज छह माह हुए हैं, जिसमें सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने घोषणापत्र में किए करीब 45 फीसदी वादों को पूरा भी कर दिया है। ऐसे में आज राज्य की जनता भजनलाल सरकार की कार्य प्रणाली से खुश है। उन्होंने कहा कि केंद्र में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी है। ऐसे में हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब दोगुनी रफ्तार से देश को तरक्की के मार्ग पर ले जाने के लिए काम करेंगे। कांग्रेस पर निशाना साधाते हुए बागड़ी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल झूठ और जुमलेबाजी करती है। ये वो पार्टी है, जो चुनाव के दौरान बढ़-चढ़कर घोषणाएं करती है, लेकिन बाद ये लोग सब कुछ भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में कई बार पेपर लीक हुए।

**पूर्व मंत्री के बयान पर खाद्य आपूर्ति मंत्री का पलटवार**

# लोक लुभावन वादों के बजाय धरातल पर हो काम

बेधड़क । जयपुर

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में 17 जिलों और तीन संभाग के गठन पर मुख्यमंत्री के रिव्यू के आदेश के बाद पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता हेमाराम चौधरी के बयान पर खाद्य आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि 33 जिलों की जगह 50 जिले कर दिए।

शनिवार को बीकानेर के सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में बजट को लेकर अस्पताल की विभिन्न विभागों के वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ संवाद के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि केवल लोक लुभावना घोषणाओं की बजाय धरातल पर आम जनता के लिए बेहतर काम हो। इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री की ओर से पूर्व कांग्रेस सरकार की ओर से जिलों के गठन के फैसले के रिव्यु के आदेश को सही बताते हुए खाद्य आपूर्ति मंत्री ने कहा कि एक बार में किसी को भी इन जिलों के नाम याद नहीं आते। क्योंकि बिना सोचे-समझे जिलों का गठन कर दिया गया। गोदारा ने कहा कि तकनीक का युग है और हमें लोक लुभावनी घोषणाओं की बजाय आम जनता को लाभ मिले, ऐसा काम करना चाहिए।



### मर्यादा में रहकर रखें अपनी बात

कांग्रेस नेता हेमाराम चौधरी के बयान पर खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता को अपनी वरिष्ठता का ध्यान रखना चाहिए। उन्हें मर्यादा में रहकर बयान देना चाहिए। दरअसल कांग्रेस नेता हेमाराम चौधरी ने जैसलमेर यात्रा के दौरान जिलों व संभाग गठन पर रिव्यू करने के सवाल पर विवादित बयान देते हुए कहा कि किसी का बाप भी इनको नहीं बदल सकता।

### सरकार ने गठित की समिति

दरअसल पूर्व कांग्रेस सरकार की ओर से प्रदेश में पिछले साल बनाए गए 17 नए जिलों और 3 संभागों के गठन की प्रक्रिया को पूर्ण करने व इस फैसले का रिव्यू करने के उद्देश्य से एक मंत्रिमंडलीय उप समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की ओर से जिलों के गठन का रिव्यू करने का आदेश दिया है। इसको लेकर कांग्रेस नेताओं के विरोधी स्वर सुनाई दे रहे हैं।

## जरूरी खबर

### तीन ट्रक सामान जब्त, पांच हजार रुपए का चालान



**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की सतर्कता शाखा ने शनिवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन ट्रक सामान जब्त कर पांच हजार रुपए का चालान किया है। हेरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर सतर्कता शाखा के दस्ते ने कार्रवाई करते हुए अजमेरी गेट, कमला नेहरू मार्केट, नेहरू बाजार, दिल्ली रोड, मीना पेट्रोल पंप, घाटगेट से अस्थाई थड़ी ठेले वालों को हटाया।

### महिला ने बेडशीट से फंदा लगाकर किया सुसाइड

**जयपुर।** एक महिला ने बेडशीट से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कांवटिया हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज के लिए टॉर्चर करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएचओ मुरलीपुरा सुनील कुमार ने बताया कि मऊ, उत्तरप्रदेश निवासी वंदना यादव की जून-2018 में शादी राजेश के साथ हुई थी। राजेश दाधिची नगर मुरलीपुरा में रहता है। घटना वाले दिन राजेश और परिवार के सदस्य काम पर गए थे। देर शाम वंदना ने कमरे में बेडशीट का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

**जवाहर नगर में हादसा: पत्नी रि. बैंक मैनेजर और पति इंटीरियर डिजाइनर**

# एसी में शॉर्ट सर्किट से घर में आग धुएं में दम घुटने से दंपती की मौत

**बेधड़क** | जयपुर

एसी में शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई। धुएं में दम घुटने से रिटायर्ड बैंक मैनेजर और उनके इंटीरियर डिजाइनर पति की मौत हो गई। घटना शनिवार शाम जयपुर के जवाहर नगर इलाके में राम गली नंबर 7 की है।

एसएचओ जवाहर नगर दौलतराम ने बताया कि हादसे में प्रवीण वर्मा (65) और उनकी पत्नी रेणु (60) की मौत हो गई। शाम करीब 4:40 बजे पति-पत्नी कमरे में सो रहे थे। एसी में शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई। खिड़की और दरवाजे बंद होने के कारण आग के धुएं से दम घुट गया। पति-पत्नी बेहोश होकर बेड से नीचे गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से करीब 10 मिनट की मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

### वेंटिलेशन के लिए कांच तोड़कर किया सर्च

फायरमैन महेश सिरोहिया ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम की सूचना पर घाटगेट फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची। ड्राइवर लेखराज मीना और कर्मी रामकिशोर मीना के साथ रेस्क्यू किया गया। मकान के अंदर धुआं भरा हुआ था। गेट को धक्का देकर अंदर घुसे। धुएं के कारण ज्यादा दिखाई नहीं दे रहा था। वेंटिलेशन के लिए कांच तोड़ा गया। इसके बाद घर में सर्च किया गया। महेश सिरोहिया ने बताया कि घर के अंदर एक कमरे में जमीन पर कुछ टकराया। देखा तो महिला के होने का पता चला। तुरंत बाहर लाया गया। दोबारा सर्च करने पर उसी जगह पर एक बुजुर्ग पड़े मिले। उन्हें भी बाहर लाया गया। पुलिस दोनों को एसएमएस हॉस्पिटल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



हादसे की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस मौका-मुआयना करती।



दम्पती का फाइल फोटो

### बेटा-बहु रहते हैं विदेश में

एसीपी आदर्श नगर लक्ष्मी सुथार ने बताया कि प्रवीण वर्मा इंटीरियर डिजाइनर थे और उनकी पत्नी रेनू रिटायर्ड बैंक मैनेजर थी। प्रवीण घर के बाहर एक शॉप में इंटीरियर डिजाइनर का ऑफिस चलाते थे। इकलौता बेटा हर्षित थाइलैंड में डॉक्टर है। पत्नी के साथ वही रहते हैं। हादसे के वक्त ऑफिस में काम करने वाले दोनों वर्कर चेतराम और मुकेश साइट पर गए थे।

### ... इधर, पत्नी का कत्ल करने के बाद थाने पहुंचा शख्स

**जयपुर।** एक शख्स ने चरित्र पर शक होने के कारण पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। यही नहीं, वारदात को अंजाम देने के बाद वह थाने पहुंचा और पुलिसकर्मियों से कहा कि वे उसको गिरफ्तार कर लें क्योंकि वह पत्नी को जान से मारकर आया है। वारदात अलवर जिले के नीमराना की है।

क्षेत्र के चौबारा गांव के रहने वाले प्रेमचंद को शक था कि उसकी पत्नी का पड़ोसी से अवैध संबंध है। शनिवार की सुबह आरोपी प्रेमचंद ने पत्नी सोमवती की शराब के नशे में गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी ने जिस पड़ोसी पर शक था, उस पर भी जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पड़ोसी भी घायल हो गया। नीमराना डीएसपी सचिन शर्मा ने बताया की पति के द्वारा पत्नी की गला दबाकर हत्या की गई है। एएफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया है। मौके से फिंगरप्रिंट लिए गए हैं।

**राज्य उपभोक्ता आयोग ने दिए निर्देश**

## गलता ट्रस्ट के डेबिट फ्रीज तुरंत हटा दें

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य उपभोक्ता आयोग, जयपुर ने मंदिर ठिकाना गलता ट्रस्ट को राहत देते हुए आईसीआईसीआई बैंक को निर्देश दिया है कि वह ट्रस्ट के खाते से डेबिट फ्रीज तुरंत हटा दें और ट्रस्ट को पूर्व की तरह खाते का संचालन करने दें। वहीं, विपक्षी बैंक की ओर से ट्रस्ट को खाते संचालन नहीं करने को सेवादोष करार देते हुए बैंक पर 50 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। आयोग ने यह आदेश मंदिर ठिकाना गलता ट्रस्ट के एकल प्रन्यासी एवं महंत अवधेश कुमार मिश्रा की अपील पर दिया।

आयोग ने कहा कि जिला उपभोक्ता आयोग को केवल यह देखना था कि खाताधारक बैंक का उपभोक्ता है या नहीं। वहीं, क्या किसी ट्रस्टी के पक्षकार की आपत्ति पर बैंक को किसी खाताधारक उपभोक्ता के खाते को डेबिट फ्रीज करने का अधिकार है या नहीं, लेकिन जिला आयोग ने ट्रस्ट के स्वामित्व का मुद्दा बताते हुए इसमें दखल देने से ही मना कर दिया। अपील में जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-तृतीय के 31 अगस्त, 2023 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें इस मामले में यह कहते हुए दखल से मना कर दिया था कि यह जटिल है और ट्रस्ट के स्वामित्व से जुड़ा हुआ है। ऐसे में सिविल कोर्ट ही साक्ष्यों व दस्तावेजों के आधार पर स्वामित्व का मुद्दा तय कर सकता है ना कि उपभोक्ता आयोग। दरअसल गलता ट्रस्ट के ट्रस्टी अवधेश मिश्रा व उनके बेटे ने आईसीआईसीआई बैंक में खाता खुलवाया था, लेकिन सुरेश कुमार मिश्रा ने खुद को ट्रस्ट का कोषाध्यक्ष बताते हुए आपत्ति कर दी और इसके चलते विपक्षी बैंक ने खाते को डेबिट फ्रीज कर दिया था।

**बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे**

## लादेन गिरोह के दो बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीम ने मानसरोवर थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन गिरोह से जुड़े दो सक्रिय बदमाशों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनों बदमाश बहरोड़ जिले में सक्रिय हैं। जयपुर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, उससे पहले ही एजीटीएफ ने इन्हें दबोच लिया।

एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि बदमाश राहुल बड़ावास (29) उर्फ अटैक पुत्र कैलाश चन्द दर्जी गांव बड़ावास थाना कोटपूतली और विशाल यादव (33) उर्फ विक्की पुत्र फूलचंद गांव लाड़ीपुरा थाना रायसर जिला जयपुर ग्रामीण का रहने वाला है। बदमाश राहुल बड़ावास के पास से एक पिस्टल, दो देशी कट्टे, दो कारतूस, एक मैगजीन और का मिली। वहीं, विशाल यादव उर्फ विक्की के पास से एक पिस्टल मय मैगजीन, एक जिंदा कारतूस व अर्टिगा कार बरामद की गई है। अवैध हथियार के साथ जयपुर में पकड़े गए यह दोनों बदमाश किसी वारदात की फिराक में थे। इस संबंध में थाना मानसरोवर में दोनों से पूछताछ की जा रही है।


JECRC™ UNIVERSITY
BUILD YOUR WORLD
Jaipur

NAAC NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL | NURTURING JECRC TALENT JECRC Foundation | 24 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

Admissions 2024-25

A Leading & Premier University in the Beautiful Land of Jaipur

Vibrant Campus Life with 16000+ Currently Enrolled Students

Grant Worth ₹ 12.9 Cr. Disbursed for Startups by JECRC Incubation Centre Under MeitY
MEITY STARTUP HUB

2008 Placement Offers for Graduates of 2024 as on 10th April

9th Rank among emerging multidisciplinary universities in India by the prestigious the week magazine
THE WEEK

1590 Best-in-Class internship in year 2024

OFFERING WORLD CLASS COURSES
(Masterfully Designed and Delivered in Collaboration with Corporates)


Engineering | Computer Applications | Business Studies | Sciences | Hospitality |
Mass Communication | Design | Law | Humanities & Social Sciences | Economics |
Allied Health Sciences | Liberal Studies | MBA for Working Professionals




JU DIFFERENTIATORS
- 2 Large Campuses.
- 25000+ Alumni in 35 Countries.
- Government funded research grant worth Rs. 15 Crore.
- 130 Patents filed and 107 Published.
- Students from 29 States and UTs.

INDUSTRY COLLABORATION
- Academic Collaboration with 40 top notch corporates to offer degree programme.
- 55+ Specialized Corporate programs in latest technologies like AI, Cloud, Data Science, Full Stack Web Development, Block Chain, Cyber Security, Software Product Engineering & many more.

BEYOND THE CLASSROOM
- Preferred choice for meritorious students of the country.
- 22 Student Clubs driven by Student Council.
- Makerspace - A Gravitating platform, Redefining Robotics & Automation.
- IAESTE LC - International internship platform.
- Mpower Cell - Fostering Mental Health Literacy.



#Design_by_JUTeam

SHAKUN

To know more about Admissions: TOLL FREE : 1800 120 5616 | Call: +91- 9116642285

For Liberal Studies Call : +91 98292 12396
MBA for Working Professionals Call : +91 - 91161 07504

Website : www.jecrcuniversity.edu.in

## जरूरी खबर

### कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में प्रवेश आवेदन आमंत्रित



**चाकसू।** बाईपास रोड स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में सत्र 2024-2025 में कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 जून है। प्रधानाचार्य अनिता मीणा ने बताया कि मॉडल स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्राप्तांक प्रतिशत की कोई बाध्यता नहीं है। जबकि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम 66.50 प्रतिशत समग्र परिणाम में और न्यूनतम 65 प्रतिशत प्राप्तांक संबंधित विषय में होना आवश्यक है।

### सीमा विवाद को लेकर कलेक्ट्रेट पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**करौली।** अतेवा ग्राम पंचायत के घुराकर गांव की अटल पुरा ढाणी में सीमा विवाद को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट का प्रदर्शन किया। जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर भूमि का सीमा ज्ञान कराने की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे। घुराकर गांव निवासी जलधारी ने बताया कि दो गांव में सीमा को लेकर विवाद है। सीमा विवाद के चलते भूमि का सीमा निर्धारण नहीं हो पा रहा। तहसीलदार करौली ने 16 मई को सीमा ज्ञान करने के आदेश दिए। इसके बाद 24 मई को राजस्व कर्मी गांव पहुंचे, लेकिन पुलिस जाप्ते के अभाव में सीमा ज्ञान नहीं हो सका।

### खाटू में 4 बच्चियों को भिक्षावृति से मुक्त कराया

**सीकर।** बाल अधिकारिता विभाग सीकर के सहायक निदेशक डॉ. गार्गी शर्मा के निर्देशन में शनिवार को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम व मानव तस्करी विरोधी इकाई ने मिलकर खाटू श्यामजी में 4 बच्चियों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया। जिला समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन राहुल दानोदिया ने बताया कि इन बच्चियों की उम्र 8 से 11 वर्ष है। बच्चियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर बाल कल्याण समिति सदस्य बिहारी लाल बालाण के समक्ष पेश कर सखी सेंटर में अस्थाई प्रवेश दिया गया। वहीं रींगस में खाटूश्यामजी रोड पर 12 साल के बच्चे की लावारिश मिलने पर उसे परमार्थ सेवा संस्थान में प्रवेश दिया गया।

**कुचामनसिटी में चोरी, लूट और महिला अपराधों में** कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस ने शुरू की कवायद

# तीसरी आंख का रहेगा पहरा, जिलेभर में लगेंगे CCTV कैमरे

**बेधड़क** | कुचामनसिटी

डीडवाना कुचामन जिले में चोरी, छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ ही महिला अपराधों में कमी लाने और कानून व्यवस्था को मजबूत किए जाने के उद्देश्य से पूरे जिले की निगरानी अब तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरे से होगी।

इसके लिए राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना 'लाडली सुरक्षा योजना' के तहत पूरे जिले में 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

इसे लेकर शनिवार को डीडवाना जिला कलेक्टर बाल मुकुंद असावा ने सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने के संबंध में संबंधित विभागों की बैठक ली। बैठक में अधिकारियों को स्थानों का चयन कर शीघ्र सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रथम फेज में जिला मुख्यालय एवं अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस विभाग द्वारा चयनित स्थानों और संवदेनशील व सार्वजनिक स्थानों पर अभय कमांड सेंटर परियोजना के तहत 207 कैमरा पोल लगाकर लगभग 407 कैमरे लगाए जाएंगे।

### आपराधिक वारदातों पर लगाया जा सकेगा अंकुश



जिले में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने से आपराधिक वारदातों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा। किसी भी वारदात को अंजाम देने के बाद भागने वाले बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी कैमरों की भूमिका अहम होगी। वहीं सीसीटीवी कैमरे अभय कमांड से जुड़े होने से किसी भी वारदात के होने पर पुलिस को तत्काल इसका पता लग सकेगा। इससे पुलिस तुरंत कार्रवाई कर अपराधियों को पकड़ सकेगी। वहीं महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले मनचलों की भी पहचान हो सकेगी। महिलाओं को आवागमन में सुरक्षित माहौल देने में सीसीटीवी कैमरे की भूमिका अहम रहेगी।

### इन जगहों को देंगे प्राथमिकता

जिले में सीसीटीवी कैमरे ऐसे स्थानों पर लगाए जाएंगे, जहां महिलाओं की अधिक आवाजाही रहती है या जो महिलाओं के कार्यस्थल हैं। इन स्थानों में मुख्य चौराहे, कॉलेज और स्कूल जैसे इलाके शामिल हैं। एक माह के भीतर इन कैमरों को स्थापित कर चालू कर दिया जाएगा। ये कैमरे अभय कामांड सेंटर से जुड़े रहेंगे। संबंधित स्थानों पर पूरी गतिविधियां कैमरे में कैद होंगी। कोई भी वारदात होने पर कैमरों की सहायता से अपराधियों का पता लगाया जा सकेगा। इससे पुलिस प्रशासन को भी अपराधों पर लगाम कसने में सहायता मिलेगी।

### कानून व्यवस्था होगी मजबूत

सीसीटीवी कैमरे लगने से चोरी, छेड़छाड़ सहित सभी प्रकार की अवांछित गतिविधियों और अपराधों की पुख्ता निगरानी होगी। साथ ही कोई घटना घटित होने पर तुरंत अपराधियों तक पहुंचने में भी सीसीटीवी कैमरे सहयोगी साबित होंगे। इससे कानून व्यवस्था मजबूत होगी और अपराधियों में भी डर कायम होगा। इन कैमरों का लाइव कंट्रोल संबंधित पुलिस थाना और एसपी ऑफिस में रहेगा, जहां टीवी स्क्रीन पर सभी गतिविधियां रिकॉर्ड की जाएगी।

**केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सर्किट हाउस में** की प्रेसवार्ता, कहा...

# सरिस्का को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में करेंगे विकसित

**बेधड़क** | अलवर

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सरिस्का को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए नए प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर प्रयास करेंगी। क्योंकि अलवर से विधायक राजस्थान सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री भी हैं।

केंद्रीय मंत्री शनिवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सरिस्का को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की बात कही। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की भी बात की। उन्होंने आगे कहा कि पीएम ने एक अभियान शुरू किया है। उस अभियान के तहत अपनी मां के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं और 5 साल तक उसकी अच्छे से देखभाल करें। इससे आपकी मां की याद स्थाई रूप से आपके पास रहेगी। सरिस्का अभ्यारण्य के आस-पास अतिक्रमण और होटलों के निर्माण के संबंध में उन्होंने कहा कि एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार ही सारा काम होगा। इको सेंसिटिव जोन का खाका तैयार किया जा रहा है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वह नेताओं का हो या अफसरों का। उन्होंने कहा कि पिछली बार जब वे केंद्रीय मंत्री थे तो उन्होंने सरिस्का को लेकर राजस्थान की कांग्रेस सरकार को कई पत्र लिखे, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। वरना अब तक इको सेंसिटिव जोन का खाका तैयार होकर अंतिम रूप दे दिया जाता।




### चार दिन में रिपोर्ट देने का दिया आश्वासन

पेयजल को लेकर हुई बैठक में 40 समस्याएं सामने आई। इसमें तीन प्रमुख रूप से हैं। जैसे पानी की आपूर्ति किस तरीके से की जाए। दूसरा स्टोरेज से लेकर वितरण तक पानी का समाधान किस तरीके से किया जाए और तीसरा अलवर के विस्तार को देखते हुए आगामी रिपोर्ट किस तरीके से तैयार की जाए। इसके लिए सभी अधिकारियों ने बैठक में चार दिन में रिपोर्ट देने का आश्वासन देते हुए जल्दी ही इस पर काम शुरू करने की बात कही। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अलवर में वे अब हर सप्ताह अधिकारियों की बैठक लेंगे। साथ ही आमजन की जनसुनवाई भी करेंगे। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी से लेकर उद्योग और खेलों के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जाएगा।

### विस्थापन के लिए नए सिरे से काम

सरिस्का से गांवों के विस्थापन के संबंध में केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि विस्थापन का कार्य नए तरीके से होगा और जो भी नया पैकेज होगा, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। अलवर को एनसीआर में शामिल करने से आमजन को हो रहे नुकसान के संबंध में उन्होंने कहा कि अलवर का हर तरह से विकास किया जाएगा, जो अलवर के हित में होगा।

### पेयजल संकट को लेकर अधिकारियों की बैठक

इसके अलावा भूपेंद्र यादव ने पेयजल संकट पर अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तार से चर्चा की। बैठक में यह बात सामने आई कि जिले को 6 करोड़ 30 लाख लीटर पानी की जरूरत है, जबकि सिर्फ 3 करोड़ लीटर पानी की आपूर्ति हो रही है। अलवर में 340 ट्यूबवेल हैं, जिनमें 140 टंकियों के जरिए पानी की आपूर्ति होती है जबकि 200 डायरेक्ट ट्यूबवेल हैं, जहां से पानी की आपूर्ति हो रही है। अलवर में 59 जोन हैं, जिनमें अलग-अलग स्तर पर पानी की आपूर्ति हो रही है। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों से भूमिगत जल की स्थिति जानने की कोशिश की। इसमें उन्होंने विचार किया और कहा कि स्थिति को सही करने के लिए यहां वाटर रिचार्ज और ट्यूबवेल बढ़ाने होंगे। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने यहां पानी की समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए हैं।

**'ऑपरेशन मुद्राराक्षस' के तहत कार्रवाई**

# ATM लूटने वाली गैंग के दो शातिर गिरफ्तार, अब तक करोड़ों रुपए लूटे

**बेधड़क** | जोधपुर

रेंज आईजी विकास कुमार की साइक्लोनर टीम ने एटीएम लूटने वाले 2 अंतरप्रांतीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन 'मुद्राराक्षस' के तहत गिरफ्तार अब्दुल गनी (42) जुनैया की ढाणी लोरडिया, फलौदी और हा (49) मलार ढाणी फलौदी का रहने वाला है।

रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि साइक्लोनर, टोरमैंडो और स्ट्रांग टीमों ने इस गैंग से जुड़े एक अपराधी शाहरुख को हरियाणा में भी पकड़ा है। मुंबई पुलिस व अन्य राज्यों से रेंज आईजी को इस गैंग के बारे में एटीएम लूट की वारदातें करने की सूचना मिली थी। पड़ताल में सामने आया कि आरोपी रेगिस्तान में दूर जाकर काफी देर मोबाइल पर बात करते थे, वहीं ट्रेन में फर्स्ट एसी से आना-जाना करते थे।

पूछताछ में आरोपियों ने ओड़ीसा, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र में कई वारदातें करना कबूल किया है। राजस्थान में भी आरोपियों के खिलाफ 25 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। आरोपी 15 से 20 दिन के लिए घूमने निकलते थे और 7 से 8 वारदात करके वापस लौटते थे। जिस राज्य से भी गुजरते थे वहां पुलिस से बचने के लिए गाड़ी पर उसी राज्य की नंबर प्लेट लगा लेते थे। इस दौरान बिना गार्ड के एटीएम बूथ पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे पर ब्लैक स्प्रे करते थे। इसके बाद रात में वारदात को अंजाम देते थे। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी वारदात के बाद कार में चोरी का सामान रखकर उसे ट्रक में चढ़ा देते थे। इसके बाद अंदर ही नंबर प्लेट बदलकर फिर से उतर जाते थे। अब महाराष्ट्र, गुजरात सहित अन्य राज्यों की पुलिस भी आरोपियों से पूछताछ के लिए जोधपुर आएगी। आरोपी देशभर में करोड़ों रुपए की लूट कर चुके हैं।



**राष्ट्रीय राजमार्ग से बानोड़ा जाने वाले** रोड पर कार्रवाई

# कार में मिला 43 लाख का डोडा-चूरा

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

पारसोली थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को नाकाबंदी के दौरान एक लग्जरी कार से 434 किलो 390 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त किया है। कार में अलग-अलग नम्बर की रजिस्ट्रेशन प्लेट मिली।

हालांकि, तस्कर पुलिस को देखकर नाकाबंदी से पहले ही गाड़ी छोड़कर भाग निकला। जब्त डोडा चूरा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 43 लाख रुपए आंकी गई। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पारसोली पुलिस की ओर से यह कार्रवाई की गई। रावतभाटा के एएसपी भगवत सिंह और बेगूं की डीएसपी अंजलि सिंह के निर्देशन में शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग से बानोड़ा जाने वाले रोड पर रामनगर में पुलिस ने नाकाबंदी करवाई। नाकाबंदी में पारसोली एसएचओ प्रेमसिंह के नेतृत्व में एएसआई भवानी सिंह, हेड कांस्टेबल बालमुकुंद, कांस्टेबल प्रीतम, मनोज कुमार, बलराम, जितेन्द्र व बलराम मौजूद रहे। इस दौरान बानोडा की तरफ से एक कार तेज गति से आई, जिसके चालक को कार को रोकने का इशारा किया, लेकिन कार चालक बेरिकेडिंग के पास से कार को तेज गति से भगा ले जाने लगा।



कार असंतुलित होकर खाई में उतरकर पलट गई। इस दौरान कार चालक अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में भाग गया। कार की तलाशी लेने पर डोडाचूरा के 23 कट्टे ठूंस-ठूंस कर भरे हुए पाए गए। इनका कुल वजन 434 किलो 390 ग्राम निकला।

**महिलाओं की सुरक्षा होगी मजबूत, महिला पुलिसकर्मी ही सुनेगी पीड़ा**

# जिले को आज मिलेगी महिला थाने की सौगात

**बेधड़क** | डीडवाना

जिले की स्थापना के करीब एक साल बाद जिला मुख्यालय को महिला थाना की सौगात मिलने वाली है। रविवार को नव स्थापित महिला पुलिस थाना का विधिवत रूप से उद्घाटन किया जाएगा। इसे लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साथ ही यहां थानाधिकारी सहित अन्य स्टाफ की नियुक्ति कर दी गई है।

आपको बता दें कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने अपने बजट भाषण में डीडवाना में महिला पुलिस थाना खोलने की घोषणा की थी। इसके बाद से यहां महिला पुलिस थाना खोलने की कवायद की जा रही थी। इसके तहत अब डीडवाना शहर के सुभाष सर्किल के पास स्थित सामुदायिक भवन में अस्थाई रूप से महिला पुलिस थाना स्थापित किया जा रहा है। महिला पुलिस थाना स्थापित करने से पूर्व यहां सभी प्रकार की आवश्यकताओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु शर्मा, वृत्ताधिकारी धरम पूनिया और डीडवाना थाना अधिकारी नंदलाल रिणवा ने निरीक्षण किया।




इस महिला थाने में महिलाओं की समस्याओं एवं महिला से संबंधित आपराधिक मामलों की सुनवाई की जाएगी। इस थाने में महिला पुलिसकर्मी ही महिलाओं की बात सुनेंगी और उनका समाधान करेंगी। महिला पदाधिकारी ही इस थाने में पीड़ित महिलाओं को परामर्श उपलब्ध कराएंगी। इस प्रकार की सुविधा से वैवाहिक रिश्तों में आई अड़चनों को दूर करने में सहायता मिलेगी।

**महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने भजनलाल सरकार पर बोला हमला**

# बदमाशों के हौसले बुलंद, सरकार का डर नहीं: राठौड़

**बेधड़क** | कोटा

जिले के बूढ़ादीत थाना क्षेत्र में एक 18 साल की युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था, जिसके बाद पीड़िता ने खुदकुशी कर ली थी। वहीं, शनिवार को प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष राखी गौतम पार्टी प्रतिनिधिमंडल के साथ परिवार के सदस्यों से मिलने पहुंची।

मृतका के परिजनों से मुलाकात के बाद मीडियाकर्मियों से रूबरू हुई राखी गौतम ने राज्य की भजनलाल सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। राखी गौतम ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज शेष नहीं बची है और न ही बदमाशों में सरकार का कोई खौफ है। प्रदेश में 12 से 15 मामले रोज इस तरह के सामने आ रहे हैं। राखी ने कहा कि इस पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए, क्योंकि दबंग परिवार के लोग उसे धमका रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित परिवार को अविलंब मुआवजा दिया जाए। हालांकि, मुआवजा बेटी के चले जाने का खामियाजा पूरा नहीं कर सकता है। हम सड़क से लेकर सीएम हाउस तक इस मामले को लेकर प्रदर्शन करेंगे और महिलाओं को अत्याचार से मुक्ति दिलाएंगे।



उन्होंने कहा कि राज्य की सत्ता में जब से भाजपा आई है, तभी से महिलाओं के साथ अत्याचार के मामले बढ़े हैं। बूढ़ादीत पीड़िता के परिवार से उन्होंने बात की है, लेकिन केवल पिता ही घटना के बारे में कुछ बता पाए, जबकि उसकी मां बार-बार बेहोश होती जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि मृतका का परिवार निहायती गरीब है। भाजपा सरकार का एक भी प्रतिनिधि उनसे जाकर नहीं मिला है।

### एनएसयूआई पर हुए लाठी चार्ज की निंदा

दूसरी तरफ राखी गौतम ने नीट परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर कोटा में हुए एनएसयूआई के प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्रवाई की भी निंदा की। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस का लीठाचार्ज निंदनीय है। विपक्ष को अपनी बातें और मांग रखने का हक है, लेकिन सरकार दमनकारी नीति से काम कर रही है। नीट यूजी का पेपर लीक हो गया। यह एक सेंट्रलाइज एग्जाम था। पूरे देश के 23 लाख के आसपास कैंडिडेट को नुकसान हुआ है, लेकिन उसके बावजूद भी परीक्षा को दोबारा नहीं करवाया जा रहा है।

### सरकार ने जो वादे किए उन्हें करें पूरा

राखी गौतम ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को थर्ड ग्रेड शिक्षक भर्ती में 50 फीसदी आरक्षण देने को लेकर कहा कि यह अच्छी बात है, लेकिन जिस तरह से सरकार ने पहले वादे किए थे। उसी तरह से इसे पूरा किया जाए। राखी ने कहा कि सरकार ने घोषणा की थी कि हर थाने में महिला डेस्क खोली जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। अन्य वादों की तरह ही ये भी अधूरे न रह जाएं।

# नाबालिग प्रेमिका ने प्रेमी के साथ की आत्महत्या

**बांसवाड़ा।** कुशलगढ़ थाना क्षेत्र में एक प्रेमी युगल ने आत्महत्या कर ली। मृतक युवक की उम्र करीब 22 वर्ष है। प्रेमिका नाबालिग बताई गई है। कुशलगढ़ थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे घटना की जानकारी पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लिया। दोनों मृतकों के मोबाइल घटनास्थल से बरामद किए गए। दोनों मृतकों की पहचान कर ली गई है।

घटना की जानकारी शनिवार सुबह करीब 6 बजे पुलिस को मिली थी। मृतक युवक के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए 6 जनों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। पुलिस सुबह ही दोनों शव कुशलगढ़ स्थित अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए। अस्पताल में दोनों के परिजनों को बुलाकर शव की शिनाख्त भी कराई गई है। कुशलगढ़ थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि परिजनों ने अनुसार लड़की नाबालिग थी और 11वीं में पढ़ती थी। मृतक युवक के पिता ने पुलिस को शाम करीब 6 बजे एक रिपोर्ट सौंपी। इसमें आरोप लगाया है कि उसका बेटा शुक्रवार रात में घर पर ही सोया था। सुबह उठकर देखा, तो वह नहीं था। दिन में करीब 9 बजे सूचना मिली कि उसका शव मिला है। अस्पताल पहुंच कर देखा तो पता चला कि उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। उनके बेटे का एक युवती ने प्रेम प्रसंग था। पिता का आरोप है कि उन्हीं के परिवार के लोगों ने उसके बेटे की हत्या की है।

### राजस्थान विश्वविद्यालय का 33वां दीक्षांत समारोह 19 को

# 126 विद्यार्थियों को मिलेगा गोल्ड मेडल, 467 को Phd उपाधि

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के सबसे बड़े राजस्थान विश्वविद्यालय में डिग्रियां बांटने के लिए मंच सजने जा रहा है। राजस्थान विश्वविद्यालय का 33वां दीक्षांत समारोह 19 जून को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 126 छात्रों के गोल्ड मेडल देंगे। साथ ही 1 नवंबर 2022 से 29 फरवरी 2024 तक विभिन्न संकायों में 467 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधियां वितरित करेंगे। खास बात यह है कि इन सभी छात्रों के लिए एक विशेष ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है। राजस्थान यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल और पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए 19 जून का दिन खास होगा।



### विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड

दीक्षांत समारोह को खास बनाने के लिए एक विशेष ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए छात्रों को सफेद कुर्ता-पायजामा/पेंट-शर्ट/धोती-कुर्ता और काले जूते, जबकि छात्राओं को सफेद साड़ी/सलवार सूट के साथ मेहरून कलर का बॉर्डर, ब्लाउज या चुन्नी/दुपट्टा और काले सैंडिल/स्लीपर पहनने होंगे। छात्रों के लिए विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित इस ड्रेस कोड के साथ सुबह 9:00 बजे दीक्षांत समारोह स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति प्रो अल्पना कटेजा ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह की व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न समीतियों का गठन किया है। इस साल पीएचडी उपाधि धारकों को उनकी उपाधियों का वितरण भी समारोह स्थल पर ही किया जाएगा। इस दीक्षांत समारोह से जुड़ी अन्य जानकारियां राजस्थान विश्वविद्यालय के ऑफिसियल वेबसाइट पर भी सार्वजनिक की गई है।

### संविधान पार्क का भी होगा लोकार्पण



दीक्षांत समारोह में प्रदेश के राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र भी मौजूद रहेंगे। इससे पहले राज्यपाल विश्वविद्यालय में निर्मित किए गए संविधान पार्क का भी लोकार्पण करेंगे। राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में करीब 3 करोड़ की लागत से संविधान पार्क का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। लोकार्पण के बाद इस नवनिर्मित संविधान पार्क में विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक और अन्य व्यक्ति देश के संविधान की निर्माण यात्रा को सुंदर चित्रों, मूर्तियों और अन्य कला रूपों के माध्यम से समझ सकेंगे। नवनिर्मित संविधान पार्क पर तैयार स्टैच्यू की ऊंचाई 75 फीट है। इसी पर मूल कर्तव्यों की पूरी जानकारी भी लिखी गई है। इसी पर महात्मा गांधी, देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को भी उकेरा है।

## Yuva स्टोरीज




### कामकाजी महिलाओं को दी पॉश एक्ट की जानकारी

**जयपुर।** आरएसएलडीसी द्वारा संचालित स्किल डवलेपमेन्ट सेन्टर वाटिका रोड, सचिवालय नगर में समरस भारत सेवा संस्थान द्वारा महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक अपराधों की रोकथाम को लेकर कामकाजी महिलाओं को पॉश एक्ट की जानकारी दी गई। कामकाजी महिलाओं के साथ किस प्रकार की घटनाएँ घट सकती हैं उससे बचाव और क़ानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। वाटिका स्थित रिटेल की ट्रेनिंग ले रही युवतियों को इसकी जानकारी दी गई। ट्रेनर भगवान सहाय शर्मा ने महिलाओं को पॉश एक्ट की जानकारी दी। समरस भारत के निदेशक धनंजय सिंह और सचिव देवेंद्र शर्मा ने संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी व महिलाओं के क़ानूनी अधिकारो की जानकारी दी। समाज सेवी सुरेश वैष्णव ने निशुल्क क़ानूनी प्रक्रिया व सलाह किस प्रकार प्राप्त की जा सकती है।




### प्रवेशोत्सव में कोई भी बालक विद्यालय नामांकन से नहीं रहे वंचित: कुणाल

**जयपुर।** शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने कहा कि शिक्षा एक महत्त्वपूर्ण सेवा है तथा शिक्षक का समाज में सम्मानजनक स्थान है। कुणाल शनिवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। शासन सचिव ने कहा कि विभागीय अधिकारी संवेदनशील रहकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि समन्वय कर ड्रॉप आउट छात्रों को पुनः शिक्षा से जोड़े एवं प्रवेशोत्सव में कोई भी बालक विद्यालय में नामांकन से वंचित ना रहे। मानसून के दौरान अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा 29 जून को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार मेले के लिए सूचना भिजवाने के निर्देश दिये। राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। आयुक्त मिड-डे मील, विश्वमोहन शर्मा ने स्कूलों में न्यूट्रिशन गार्डन तैयार करने एवं फलदार वृक्ष लगाने, श्री कृष्ण भोग योजना के अन्तर्गत सामूदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने, अतिथि माता अवधारणा के अन्तर्गत महिला अभिभावकों को मुख्य अतिथि बनाकर भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी ने कहा कि देश में डिजिटल प्रवेशोत्सव की पहल करने में राजस्थान अग्रणी राज्य है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का 52 बिन्दुओं पर आधारित स्वास्थ्य संबंधी सर्वेक्षण किया जाएगा। निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, सीताराम जाट ने आरटीई में प्रवेश के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने, निजी विद्यालयों द्वारा ली जाने वाली वास्तविक फीस तथा पोर्टल पर अपलोड फीस में अन्तर की जाँच करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा अभिभावक शिक्षा समागम के गठन में सदस्यता के लिए अब अभिभावक ऑनलाइन आवेदन करेंगे एवं अभिभावक सदस्यता लॉटरी द्वारा निर्धारित की जायेगी। जिससे निजी विद्यालय मनमर्जी से अपने चहेते लोगों को सदस्य नहीं बना सकेंगे। विशिष्ट शासन सचिव चित्रा गुप्ता ने बैठक के समापन पर धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में संभाग एवं जिलास्तरीय शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहें।

### अजमेर में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

# रूढ़ियों से मुक्त होना ही शिक्षा की सार्थकता: मिश्र

बेधड़क | जयपुर

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय का एकादश दीक्षांत समारोह शनिवार को राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में शोधार्थियों को विद्या वाचस्पति एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दीक्षांत उद्बोधन दिया। उपमुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचन्द बैरवा एवं जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा कि दीक्षांत विद्यार्थियों के लिए नव जीवन में प्रवेश का उत्सव है। यह वह अवसर है जब विद्यार्थी अर्जित शिक्षा का उपयोग राष्ट्र और समाज के विकास में करने के लिए तैयार होता है। मिश्र ने कहा कि शिक्षा की सार्थकता इसमें नहीं है कि उससे हम कोई पद, नौकरी या अन्य किसी तरह की भौतिक सफलता प्राप्त कर लें। शिक्षा की सार्थकता इसमें है कि हम रूढ़ियों से मुक्त होने की ओर अग्रसर हों। उन्होंने महर्षि दयानन्द सरस्वती के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज को रूढ़ियों से मुक्त कर वेदों का सहज, व्यावहारिक भाष्य करने का महती कार्य उन्होंने ही पहले पहल देश में किया था। वह व्यक्ति नहीं अपने आपमें संस्था थे। 'वेद की ओर वापस चलो' का नारा देते हुए उन्होंने राष्ट्र को रूढ़ियों और कुरीतियों से निकालकर आदर्श जीवन मूल्यों के जरिए आगे बढ़ने का शंखनाद किया। उनके जीवन दर्शन में उस नैतिक शिक्षा पर ही अधिक जोर दिया गया है। उन्होंने




कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि देश की नई शिक्षा नीति पूरी तरह से विद्यार्थी केंद्रित है। जिससे विद्यार्थी हमारी संस्कृति से जुड़े एवं जीवन मूल्यों में आधुनिक विकास की ओर अग्रसर हो सके। इस नीति में कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उभरती डिजिटलीकृत दुनिया में नए आविष्कारों और नवाचारों के साथ-साथ पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में असीमित वृद्धि की संभावना है। इस क्षेत्र मे लगभग पांच करोड़ नौकरियां उत्पन्न होने की संभावना जताई जा रही है। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय इस दिशा में ध्यान देते हुए ऐसे पाठ्यक्रम निर्मित करें। जिससे आतिथ्य उद्योग मे हम बेहतर मानव संसाधन तैयार कर सकें। मिश्र ने कहा कि यह समय हम-सबके लिए आजादी के अमृतकाल की ओर अग्रसर होने का है। युवा शक्ति भारत के भविष्य की उज्ज्वल राहों की संवाहक बनें। इसके लिए यह जरूरी है कि मेक इन इंडिया की दिशा में हम आगे बढें। ऐसे स्थानीय उत्पाद तैयार करने की ओर अग्रसर हों जो विश्वस्तर पर निर्यात हो सकें। हम शिक्षा के जरिए अपनी उच्चतम क्षमताओं का विकास करें। उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं के संदर्भ में विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध का देश का उत्कृष्ट केन्द्र बनें। यहां ऐसे पाठ्यक्रम तैयार हों जिससे युवाओं के लिए भविष्योन्मुख अधिकाधिक मार्ग प्रशस्त हो सकें। युवा रोजगार पाने की बजाय देने के लिए तैयार हो सकें।

### नई शिक्षा नीति बहुआयामी: देवनानी

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दीक्षांत भाषण में कहा कि 21वीं सदी का इमर्जिंग इंडिया न केवल आर्थिक और तकनीकी रूप से महाशक्ति बनना चाहता है, बल्कि विश्वगुरु के रूप में उभरने का संकल्प रखता है। इस ध्येय की प्राप्ति के लिए कुछ निश्चित मूल्यों का होना आवश्यक है। ऐसे सभी मानवीय नैतिक मूल्य भगवान राम के चरित्र में दिखाई देते हैं और इसलिए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पुनर्चेतना का प्रतिनिधित्व करती है। भारतीय धर्म, कर्तव्य बोध कराता है। धर्म का आशय ही कर्तव्य होता है जैसे मातृधर्म, पितृ धर्म, राष्ट्र धर्म इत्यादि, ऐसे दृष्टिकोण है जो धर्म का आशय कर्तव्य ही बताते हैं।

### ध्यान से बढ़ती है एकाग्रता: डॉ. बैरवा

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि स्वामी विवेकानद के अनुसार "शिक्षा" मनुष्य को उसके आदर्श और असीम विकास की ओर ले जाने की प्रक्रिया है। विद्यार्थी जीवन में अध्ययन के लिए एकाग्रता की आवश्यकता होती है और जीवन में एकाग्रता के लिए जरूरी है ध्यान, ध्यान से ही हम इंद्रियों पर संयम रखकर एकाग्रता प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद कहते थे कि स्वयं को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए क्योंकि ये सबसे बड़ा पाप है। जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी। दिन में एक बार खुद से जरूर बात करो, वरना आप दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति से बात करने का मौका खो देंगे। जिस शिक्षा से हम अपना जीवन निर्माण कर सकें, मनुष्य बन सकें, चरित्र निर्माण कर सके और विचारों का सामंजस्य कर सकें वहीं वास्तव में शिक्षित कहलाने योग्य है।

### लौटाएंगे शिक्षा नगरी का गौरव: रावत

जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय व्यक्ति एवं व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है। वे स्वयं भी महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही अजमेर शिक्षा नगरी के रूप में विख्यात रहा है। बाद के समय में अजमेर का यह वैभव कहीं खो गया। अब हम जब मिल कर अजमेर का पुराना शैक्षिक गौरव पुनः लौटाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अपने सभी गुरूजनों को भी प्रणाम किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने विश्वविद्यालय में संविधान पार्क का शुभारम्भ किया। कुलपति श्री अनिल कुमार शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।




### 167 छात्र चयनित हुए स्कूल के

## NSS-ISDC सम्मेलन में श्री चैतन्या स्कूल की धूम

बेधड़क | जयपुर

श्री चैतन्या स्कूल के अकादमिक डायरेक्टर सीमा ने कहा कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका के नासा के निर्देशन में एनएसएस के द्वारा चलाए गए आईएसडीसी सम्मेलन में दुनिया के चारों ओर से करीब 30 देशों के सैकड़ों छात्र उपस्थित हुए। उनमें 167 छात्र श्री चैतन्या स्कूल के ही हैं। विशेष बात यह है कि दुनिया के किसी भी विद्या संस्था के इतने सारे छात्र इस सम्मेलन में चयनित नहीं हुए। हाल ही में आयोजित अमेरिका के नासा के निर्देशन में एनएसएस के द्वारा चलाए गए 'स्पेस सेटिलमेंट कॉन्टेस्ट' में सिर्फ भारत से ही 18000 छात्र शामिल हुए। लेकिन एक मात्र श्री चैतन्या से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 639 छात्रों ने भाग लिया। उनमें विन्निंग प्रोजेक्ट जीतकर क्रमशः 11 वीं बार दुनिया में न. 1 विश्व चैंपियन के रूप में खड़ा है। सीमा ने कहा कि उन 62 विन्निंग प्रोजेक्ट में "वर्ल्ड फर्स्ट पुरस्कार" ( 1 ) प्रोजेक्टों को, वर्ल्ड द्वितीय पुरस्कार" (11) प्रोजेक्टों को "सम्मानीय उल्लेख" मिला है। इस बारे में उन्होंने प्रत्येक रूप से प्रेस मीट आयोजित कर छात्रों को बधाई दी। श्री चैतन्या स्कूल से उत्तर भारत के 90 छात्र इस सम्मेलन में भाग लिया। तेलंगाना, ओडिशा, कर्नाटक और तमिलनाडु के राज्यों से श्री चैतन्या के अलावा किसी दूसरी पाठशाला/संस्था में आईएसडीसी सम्मेलन में कोई भी छात्र भाग नहीं लिया। सम्मेलन में आर्टिस्टिक मेरिट वर्ग में 5000 डॉलर पुरस्कार प्राप्त कर दुनिया का एकमात्र छात्र भी श्री चैतन्या का ही है।



### योग कैडेट्स को मानसिक रूप से मजबूत बनाता है: मेजर आर.के.शर्मा

**जयपुर।** प्रथम राज आर्म्ड स्क्वॉड्रन एनसीसी के कैडेंटस के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय के गांधी अध्ययन केन्द्र में योग के महत्व पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया । जिसमें केन्द्र के निदेशक मेजर राजेश कुमार शर्मा ने एनसीसी कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि "योग एक लाभ अनेक" के रूप में देखे तो जिम जाने से सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है जबकि योग करने से शरीर के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी मजबूत होता है मन की शान्ति तनाव और अनिद्रा से मुक्ति , भूख और पाचन शक्ति को बढाता है, शरीर की थकान हो या जीवन का तनाव अथवा रोग सभी को भगाता है। अपने आप पर नियन्त्रण ही नहीं अपितु हमारी इन्द्रियों पर भी विजय दिलाता है। प्रथम राज आर्म्ड स्क्वाड्रन एन.सी.सी. राजस्थान कॉलेज के एन.सी.सी कैडेटस को योग के महत्व पर जानकारी देते हुए मेजर राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि योग व्यक्ति को न सिर्फ शारीरिक रूप से, बाल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनाता है। कैडेटस के लिए योग को अपने जीवनचर्या का हिस्सा बनाएं।



### समारोह की तैयारियों में जुटा आयुर्वेद विभाग एवं जिला प्रशासन

**जयपुर।** प्रदेश में आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्य स्तरीय आयोजन होगा। वहीं, जिला मुख्यालयों, ब्लॉक मुख्यालयों एवं पंचायत समिति मुख्यालयों पर भी 21 जून को प्रातः 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास किया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह के सफल आयोजन के लिए शनिवार को कलेक्टर सभागार में आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजन समितियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निदेशक ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए समिति प्रभारियों को दिशा निर्देश प्रदान किये। साथ ही योग स्थल पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए 8 टीमों का गठन किया गया। प्रत्येक टीम में 5 सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। बैठक में अतिरिक्त निदेशक एवं राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी जयपुर संभाग डॉ. सीतेश्वर प्रसाद भारद्वाज, मुख्य कार्यकारी अधिकारी औषध पादप मण्डल डॉ. बत्तीलाल बैरवा सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्लेसमेंट | लगातार दूसरे वर्ष भी राजस्थान में सर्वाधिक कैंपस प्लेसमेंट का रिकॉर्ड

# वीजीयू में प्लेसमेंट और इंटर्नशिप की धूम... छात्र हर्षित

बेधड़क | जयपुर

भारत के सर्वश्रेष्ठ निजी यूनिवर्सिटीज में शुमार विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी व राजस्थान की पहला नेक ए प्लस यूनिवर्सिटी का प्लेसमेंट सेल विभिन्न कैलिबर और विविध क्षेत्रों की कंपनियों के लिए ऑन-कैंपस भर्ती को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्लेसमेंट सेल विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष कंपनियों के साथ साझेदारी बनाने के लिए प्रयासरत है, जिसमें विद्याथियों को उनकी रुचियों और आकांक्षाओं के अनुरूप कॅरिअर के अवसर मिल सके। ज्यादातर छात्रों को यहां पढ़ाई खत्म करने के साथ ही नौकरी मिल जाती है। विश्वविद्यालय को इसी साल 2024 में टीवी 18 नेशनल न्यूज चैनल की ओर से 'यूनिवर्सिटी विद हायस्ट प्लेसमेंट इन राजस्थान' अवार्ड से सम्मानित किया गया। पिछले दिनों ग्लोबल यूनिवर्सिटी रेंकिंग में वीजीयू को देश भर में तीसरा स्थान प्रदान किया गया जिसमें उच्च शिक्षा से संबंधित कई मानकों को सर्वे रिपोर्ट को आधार माना गया। वीजीयू के प्रो प्रेसीडेंट रिसर्च डीवीएस भगवानुलु ने कहा कि यूनिवर्सिटी में हम विद्यार्थियों को एक रचनात्मक और पेशेवर वातावरण प्रदान करके अपना करियर शुरू करने के लिए तैयार करते हैं, जहाँ से वे व्यावहारिक कौशल सीख सकते हैं, उद्योग संपर्कों का एक नेटवर्क बना सकते हैं।



### 43 लाख तक मिला था पैकेज

वीजीयू द्वारा आयोजित इसी साल जॉब फेयर में देश विदेश की जानी मानी करीब 200 कंपनियों ने शिरकत की। मेगा जाब फेयर में 1896 विद्यार्थियों को औसतन 6 लाख सालाना पैकेज पर नियुक्तियां दी गई। अधिकतम पैकेज 43 लाख सालाना ऑफर हुआ। जो इस साल का सर्वाधिक पैकेज है। इसी प्रकार इंटर्नशिप ड्राइव में इस बार वीजीयू के 3864 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में पेड इंटर्नशिप पर चयन हुआ। जिसमें औसतन हर माह 15 हजार वेतन स्टाइपंड पर विद्यार्थियों चयन हुंआ। इंटर्नशिप के लिए सर्वाधिक मासिक स्टाइपंड इस बार 73 हजार रुपए था।

### 2 हजार से ज्यादा को मिले ऑफर लेटर

यूनिवर्सिटी के सीईओ इंजि ओंकार बगरिया ने बताया कि यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी को उसकी योग्यता और प्रतिभा के अनुसार सही कॅरिअर चयन और मार्गदर्शन के साथ प्रशिक्षण से लेकर जॉब प्लेसमेंट प्रदान कराना हमारी प्राथमिकता है। वीजीयू ने लगातार दूसरे वर्ष भी राजस्थान में सर्वाधिक प्लेसमेंट और इंटरर्नशिप का रिकार्ड बनाकर एक नई ऊंचाई हासिल की है। इस बार भी करीब 2000 जाब ऑफर मिले हैं।

### वीजीयू के विद्यार्थियों की राय में विवि

वीजीयू में अध्ययनरत छात्र प्रवेश अग्रवाल का कहना है विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक ही, बल्कि सह-पाठ्यचर्या क्षेत्र से संबंधित कौशल विकसित करके विद्यार्थियों को बेहतर कॅरिअर निर्माण करने का संपूर्ण माहौल प्रदान करता है। लॉ की छात्रा मिताली जैन का कहना है कि वीजीयू में एडमिशन लेने के बाद विद्यार्थियों में एक नया विश्वास जगता है और कैरियर के प्रति नया मोटिवेशन मिलता है। पढ़ाई के साथ हर सेमेस्टर के अंत में दो या तीन माह इंटर्नशिप करना अनिवार्य है। जिससे हमें जॉब में बाद में दिक्कत नहीं आती है, जिसमें हमें वीजीयू प्लेसमेंट सेल और शिक्षकों की ओर हमें हर संभव सहयोग मिलता है।




पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


## शाश्वत सनातन

*राजस्थान के मेवाड़ के आराध्य देव के रूप में श्री एकलिंग नाथ को हजारों वर्षों से पूजा जा रहा है। महाशिवरात्रि के दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा करके महादेव के दर्शन करने पहुंचते हैं। एकलिंग जी मंदिर पहुंचने के रास्ते में भव्य मेले और भंडारे का आयोजन जगह-जगह होता है। इस मंदिर की अपनी एक विशेषता यह भी है कि जो भी भक्त यहां पर सच्चे मन से माथा टेकता है, उसकी इच्छा अवश्य पूर्ण होती है। श्री एकलिंगजी महादेव मंदिर का मंदिर उदयपुर से लगभग 22 किमी और नाथद्वारा से लगभग 26 किमी दूर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर कैलाशपुरी नाम के गांव में स्थित है। भगवान शिव के प्राचीन मंदिर स्थित शिवलिंग की मूर्ति के चारों ओर चार मुख बने हुए हैं, अर्थात यहां पर भगवान शिव चतुर्मुखी शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं। मेवाड़ शैली में पत्थरों से निर्मित इस मंदिर को बहुत गोपनीय ढंग से बनाया गया था। एकलिंग जी के शिवलिंग के चार चेहरे भगवान शिव के चार स्वरूपों को दर्शाते हैं। पूरब दिशा की तरफ का चेहरा सूर्य देव के रूप में पहचाना जाता है। पश्चिम दिशा के तरफ का चेहरा भगवान ब्रह्मा को दर्शाता है। उत्तर दिशा की तरफ का चेहरा भगवान विष्णु और दक्षिण की तरफ का चेहरा रूद्र स्वयं भगवान शिव का है। एकलिंगजी के परिसर में कुल 108 मंदिर हैं।*

### कैलाशपुरी में हैं मेवाड़ शासकों के आराध्य... परिसर में 108 मंदिर

# भगवान शिव के 4 स्वरूपों को दर्शाते हैं एकलिंग जी!





### बप्पा रावल ने करवाया था मंदिर निर्माण

श्री एकलिंगजी को ही मेवाड़ के शासक और राजपूतों के मुख्य आराध्य देव माना जाता है। कहा जाता है कि मेवाड़ में राजा तो उनके प्रतिनिधि के रूप में शासन किया करते हैं और स्वयं को एकलिंगजी का दीवान मानते हैं। युद्ध में जाने से पहले राजपूत श्री एकलिंग जी से आशीर्वाद जरूर लेते थे। कहा जाता है कि डूंगरपुर राज्य की ओर से मूल बाणलिंग के इंद्रसागर में प्रवाहित किए जाने पर वर्तमान चतुर्मुखी लिंग की स्थापना कैलाशपुरी में की गई थी। मेवाड़ के संस्थापक बप्पा रावल ने 8वीं शताब्दी में इस मंदिर का निर्माण करवाया और एकलिंग की मूर्ति की प्रतिष्ठापना की थी। बाद में यह मंदिर टूटा और पुन: बना था। वर्तमान मंदिर का निर्माण महाराणा रायमल ने 15वीं शताब्दी में करवाया था।



### भोग के लिए एक लाख रुपए वार्षिक तय

भगवान के भोग के लिए महाराणा भूपालसिंह के काल तक एक लाख रुपए वार्षिक तय किया हुआ था। कभी खास मौकों पर महाराणा विशेष प्रबंध करते थे। बिना कोताही के भोग-पूजन आदि के लिए कुलगुरु के साथ एक नायब हाकिम प्रतिदिन निरीक्षण करते। एकलिंगजी की पूजा के लिए चार ब्रह्मचारी और एक गोस्वामी हैं। यहां महाराणा के कुल गुरु वैदिक तथा तान्त्रिक पद्धति से पूजा करते हैं। ऐसी पूजा भारत में कम ही स्थानों पर ही होती है।

### इंद्र सरोवर है संपूर्ण फलदाता

यहां पर दो प्राचीन तालाब हैं, एक इन्द्र सरोवर और उदयपुर जाते समय बाघेला तालाब है। महाराणा मोकल ने अपने भाई भागसिंह के नाम पर इसका निर्माण कराया। इंद्र सरोवर के बारे में एक किवदंती है कि इंद्र को वृत्रासुर के मारने की ब्रह्म से ज्वर आने लगा तब उससे किसी प्रकार मुक्ति न देखकर बृहस्पति ने प्रश्न किया। कथा अनुसार ब्रह्म हत्या के प्रायश्चित की निवृत्ति के लिए एकलिंगजी की आराधना के लिए इंद्र ने पर्णकुटी बनाकर पास में एक तालाब खोजा। उसी को इंद्र सरोवर कहा गया है। इतना ही नहीं प्रसन्न होने पर इंद्र ने तालाब को फलदाता करने की प्रार्थना की तत्पश्चात उस तालाब का नाम इंद्र सरोवर नाम रख संपूर्ण फल देने वाले का गौरव एकलिंगजी ने प्रदान किया।

कविता

## पिता के जैसा साथ नहीं




आलोक गौतम
ACP, जयपुर


हाथ हजारों हैं सिर पर
पर पिता के जैसा हाथ नहीं
साथ हजारों है अब भी पर
पिता के जैसा साथ नहीं।

बिना कहे ही सब कुछ सुनना
अच्छे से अच्छा ही चुनना
चला गया सब साथ ही उनके
मुश्किल है अब सपने बुनना।

बुने हुये उनके सपनों से
जीवन कितना सुन्दर लगता है
पागल मन को कैसे समझाऊ
जो उनके पीछे भगता है।

दम उनके दम पर ही था
अब तो डम-डम सा बजता हूं
दौड़-दौड़ कर चलता था तब
अब बस कदम-कदम चलता हूँ।

अपने दम पर इतराते थे
कहां किसी से घबराते थे
अब जाकर ये समझ है आया
ये सब तो थी उनकी माया।

चिरनिद्रा में सो जाने पर
उनके अदृश्य लोक जाने पर
कितनी भी कोशिश कर लो पर
पुर्नमिलन फिर कब होता है।

ये ईश्वर की है अद्भुत माया
पिता में अपना रूप बनाया
लेकिन इस निष्ठुर दुनियां को
'आलोक' समझ ये नहीं है आया।

संस्कार अब मिट से गए हैं
कलयुग में ये छिप से गए हैं
पिता-पुत्र को बोझ से लगते
तो फिर किस काम की है ये काया।

काया को कंचन कर लो तुम
पुण्यों को संचित कर लो तुम
माता-पिता तो स्वयं ईश्वर है
जीते जी स्वर्ग चुन लो तुम।

कविता

## पिता! एक एहसास




योगी श्रीकांत विभूतिया
शिक्षाविद, लेखक


ये बात कुछ पुरानी है,
जब आंख भी न खुली थी,
और अंगुलियां मुड़ी थी,
एक शख्स ऐसा था,
रातभर जगता था।

हर आहट पर उठता था,
मेरा बिस्तर बदलता था,
फिर थपकी देता लोरियां सुनाता,
सीने से मुझे बार बार चिपकाता।

मेरी हर हरकत को वो पढ़ रहा था,
लगता था वो मेरा जीवन गढ़ रहा था।

मुझे भी उनकी आदत होने लगी थी,
हर शाम दरवाजे पर निगाह रहने लगी थी।
कभी हवा में उछालते तो कभी घोड़ा बन जाते,
मेरे पिता उन लम्हों में सौ सदियां जी जाते।

हर त्योंहार मुझे नए कपड़े मिलते,
पर पापा तो पुरानों की ही तुरपाई करते।

वक्त गुजरा और गुजरता रहा,
मैं भी उनके दम पर उड़ान भरता रहा।

दे कर अपना खून पसीना और पैसा,
बनाने चले थे मुझे वो अपने सपनों के जैसा।

दूर शहर पढ़ने भेजा, उनकी आंखों
को नम देखा,
लगा कि सब कुछ छूट गया, वो
शख्स कितना दूर गया।

अब चकाचौंध सर चढ़ने लगी,
दुनियां ही सब कुछ लगने लगी।
दिनभर की आपाधापी में,
घर बात भी कम ही होने लगी।

अब उनका टोकना खलता था,
पर पापा याद में जलते थे,
होली और दिवाली मुझको,
घर आने को कहते थे।

अपने पापा की हर नसीहत,
मुझे बचपना लगने लगी थी,
क्या जरूरत है पापा को,
ये सोच मुझमें पलने लगी थी।

मैं उनसे हिसाब लेने लगा था,
जो दुनिया का कर्जदार बन चुका था,
क्या जरूरत है पापा इतने पैसे की,
अब ये हिसाब करने लगा था।

समय बदला
कल तक मैं बेटा था,
आज बाप बन चुका था,
बेटे के सपनों का स्वेटर,
अब मैं भी बुनने लगा था।

यकायक नींद सी टूटी,
जज्बात उमड़ने लगे थे,
क्या गुजरी होगी में मेरे पिता पर,
समझ आने लगा था

पिता तो मुहब्बत की मूरत होता है,
साक्षात ईश्वर की सूरत होता है।

एक रोज तुम्हे एहसास होगा,
पर पिता तब उम्रदराज होगा,
जिसकी अंगुली थाम कर चले थे,
तब वो ही लाचार होगा।

समय है संभल जाओ,
वक्त गुजर गया तो क्या होगा,
जिसकी छाया में जी रहे हो आज,
कल वो ही न रहा तो क्या होगा।

ईद पर विशेष

# खुदा का इंसाफ




अर्चना त्यागी
साहित्यकार


ब 'सब्र करो अल्लाह सब भली करेगा। हमारे बच्चे को इंसाफ जरूर मिलेगा।' हमेशा की तरह अब्बा बड़बड़ा रहे थे। एक साल होने को आया अभी तक उनका विश्वास डगमगाया नहीं था। रेहान उनकी हालत देखकर बहुत दुखी होता, लेकिन कुछ नहीं कर पाता। सारी कोशिशों के बाद भी अमन के कातिलों को पकड़वा नहीं पाया था। थाने में कोई सुनने को तैयार नहीं था। रिश्तेदार और जन पहचान वाले भी इसी बात पर ज़ोर देते थे कि उस दुर्घटना को भुलाकर सामान्य जीवन जिया जाए। जो लोग एक दस साल के बच्चे का बेरहमी से कत्ल कर सकते हैं वो कुछ भी कर सकते हैं। रेहान भी अब चुप हो गया था। अम्मी ने उसे सीने से लगाकर यही कहा था, 'मैंने एक बच्चे को तो खो दिया है, अब दूसरे को नहीं खो सकती हूं। तू अपने काम में ध्यान लगा, रेहान। खुदा के घर देर है अंधेर नहीं। वो सब देखता है। जरूर इंसाफ करेगा।' वक्त निकल रहा था लेकिन अब्बा को देखते ही उसे दिल ही दिल में परेशानी महसूस होने लगती। फिर से वह घटनाक्रम आंखों के सामने आ जाता। 'भाई, सुजान के साथ खेलने जा रहा हूं। थोड़ा वक्त लग सकता है वापसी में। आज झील के किनारे खेलना तय हुआ है।' अपना टेनिस का रैकेट उठाए अमन तेजी से निकल गया। रेहान कुछ कह पाता तब तक वह साइकिल पर बैठकर उड़ गया था। हां उड़ ही गया था तभी तो आज तक जमीन पर नहीं लौटा है। काश उस दिन उसे नहीं जाने दिया होता, लेकिन रहमान चाचा की नीयत से वाकिफ नहीं था। गांव में जमीन को लेकर उनसे झगड़ा हुआ था। 'जमीन छीनकर तूने जैसे हमारा दिल दुखाया है, वैसे एक दिन तेरा भी दुखेगा। घुट-घुट कर रोएगा। कोई तेरी सुनने वाला भी नहीं होगा।' कोर्ट केस में जमीन रेहान के अब्बा के हिस्से में आ गई थी। फैसले के बाद उन्होंने कोर्ट से निकलते ही ये ऐलान किया था।


कुछ दिनों बाद खुद से ही पहल करके घर पर आना जाना शुरू कर दिया। अब्बा साफ दिल के इंसान, उनकी चालाकी समझ ही नहीं पाए। उनका बेटा अमन का हमउम्र था। दोस्ती बढ़ गई। अब तो लगता है बच्चों की दोस्ती बढ़ी नहीं बल्कि बढ़ाई गई थी। कभी अमन उनके घर पर रहता और कभी उनका बेटा शोएब हमारे घर पर। एक पल के लिए भी नहीं लगा था कि यह दोस्ती एक कत्ल की बुनियाद बन जायेगी। ईद की छुट्टियां चल रही थी। अगले दिन ईद पर खेलने नहीं जा पाएंगे, यही कहकर अमन को बुलाकर ले गया था शोएब। शाम को जब देर तक अमन नहीं आया तो शोएब से पूछा तो शोएब ने हैरानी से उत्तर दिया, वह अपने दूसरे दोस्तों के साथ झील में नहाने चला गया था। मैं तो घर वापिस आ गया।' झील में अमन की लाश मिल गई थी। किन दोस्तों के साथ अमन झील में नहाने गया था उनका आज तक पता नहीं चल पाया था। थाने में सब कुछ विस्तार से बताया, लेकिन कुछ हाथ नहीं आया। ईद फिर से आ गई थी पर अमन के बिना रौनक नहीं थी। रेहान ने अम्मी, अब्बा की हालत देखकर एक फैसला कर लिया था कि अब इस शहर में नहीं रहना है। ईद के बाद दूसरे शहर चले जायेंगे। दूसरे शहर में उसने एक नौकरी भी ढूंढ ली थी। ईद से पहले दिन रेहान घर पर ही था। तभी एक फोन आया...रेहान, अब्बा को लेकर पुलिस स्टेशन आ जाओ। जरूरी काम है। वह थाने पहुंचा तो रहमान चाचा जेल में बंद थे। रहमान चाचा बोले- मैं नफरत की आंधी में खो गया था। तुम्हे सजा देने के पागलपन में खुदा का ऊसूल भी भूल गया। मैंने अपने ही भतीजे को धोखे से बुलाकर मौत के घाट उतार दिया। हो सके तो मुझे माफ कर देना रहीम। कहकर उन्होंने हाथ जोड़ लिए। अब्बा की आंखों में पहली बार आंसू देखे थे रेहान ने। उन्होंने उपर की ओर दोनों हाथ उठाकर कहा- या अल्लाह, तेरी मेहर। तेरा इंसाफ। यह ईद खास तो नहीं थी, लेकिन अब्बा ने मानसिक संतुलन वापिस पा लिया था। अम्मी के चेहरे पर अब सुकून नजर आ रहा था।

फादर्स डे पर विशेष

# पिता की छाया




गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

बस में बैठा राजेश पूरे रास्ते प्लान बनाता रहा कि पिताजी को कैसे बाइक के लिए तैयार करना है। हालांकि, पिताजी ने बाइक के लिए तो हां कर दी थी, लेकिन राजेश तो अपनी पसंद की महंगी बाइक चाहता था। पिताजी कह रहे थे कि कोई सैकंड हैंड बाइक ले ले। कॉलेज आने जाने का काम चलता रहेगा। राजेश की पसंद की बाइक तो एक लाख में आ रही थी। पिता जी चाह रहे थे कि 20-25 हजार रुपए में ही काम चल जाए। वह सालभर के लायक अनाज बचाकर रखते थे कि किसी आपात स्थिति में काम आ जाए। राजेश की साल भर से चल रही बाइक की जिद्द के चलते उन्होंने इस बार यह अनाज निकाल देने व उसके लिए सैकंड हैंड बाइक लेने का प्रस्ताव रखा, लेकिन अपने साथियों की चकाचौंध में खोए राजेश को यह प्रस्ताव स्वीकर नहीं था। वह भी अपनी महंगी बाइक पर अड़ा हुआ था। बस से उतरकर राजेश ने गांव का रास्ता पकड़ा।

करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर घर पहुंचना होता था। रास्ते में गांव के ही खेत पड़ते थे। बस ने गांव के स्टैंड पर छोड़ा तो सूरज ने आग उगलना शुरू कर दिया था। आखिर जून का महीना था। गांव के नजदीक पहुंचा तो सड़क के किनारे खेत में काम करता रमेश नजर आ गया। रमेश उसका दोस्त था और दूर के रिश्ते में भाई भी है। दोनों सीनियर तक गांव के स्कूल में एक कक्षा में पढ़े थे। तीन साल पहले रमेश के पिता का निधन हो गया था। तब से रमेश खेत का काम संभाल लिया और प्राइवेट पढ़ाई कर रहा था। रमेश को देखकर राजेश रुक गया। उसे प्यास भी लग आई थी। राजेश ने मजाक करते हुए कहा- चल घर चलते हैं। इस गरमी में क्यों जान देने पर तुला है? रमेश ने कहा, नहीं? अभी नहीं चल सकता। अभी रिजके में थोड़ा पानी देना है और यह खाई भी पूरी करनी है, ताकि इसकी सुरक्षा का भी इंतजाम हो जाए। बड़ी मुश्किल से चाचा पानी देने को तैयार हुआ है। तभी राजेश की नजर दूर रिजका काट रही रमेश की मां व बहिनों पर चली गई। राजेश ने कहा -अच्छा चाची भी आई हुई है। राजेश ने फिर जोर देते हुए कहा आज थोड़ा छाया में सुस्ता भी ले। फिर घर चलते हैं। रमेश ने एक बार उसकी ओर देखा और फिर कहा- अरे भाई छाया कहां। हमारी छाया तो भगवान के घर चली गई है। यह कह रमेश फिर काम में जुट गया। उसका यह जवाब सुनकर राजेश सन्न रह गया। उसे लगा रमेश एकाएक खेजड़ी का बड़ा वृक्ष बन गया है और उसकी छाया में उसकी मां और दोनों छोटी बहनें बैठी सुस्ता रही हैं। तभी रमेश की छोटी बहन पानी लेकर आ गई। बोली- लो भाई पानी पी लो। उसने पानी पीया। तभी रमेश की मां भी वहां आ गई। वह बोली राजेश बेटा, खाना खाले। रमेश तो लगता है जैसे बाप बनकर ही जन्मा है। उस पर तो दो बहनों की भी जिम्मेदारी है। उसके हाथ से काम छूटता ही नहीं। राजेश कुछ बोल नहीं पाया। उसने गांव का रास्ता छोड़ दिया और खेत का रास्ता पकड़ लिया, जहां उसके पिता खेत पर काम कर रहे थे। उसे अब धूप नहीं लग रही थी। उसे लग रहा था कि उसके सिर पर पिता की छाया है। इस छाया के बिना रमेश कैसे भरी दोहपर में काम में जुटा है। वह जल्दी से जल्दी खेत में पहुंचकर पिता से कहना चाहता था कि उसे बाइक नहीं चाहिए। उसे उसकी जरूरत नहीं है। वह पैदल ही कॉलेज जा सकता है।

**यौन उत्पीड़न मामले में गरमाई सियासत:** जनता दल(एस) के आरोप पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री का पलटवार

## हमने कभी प्रतिशोध की राजनीति नहीं की, ये भाजपा का काम: सिद्धारमैया

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि उन्होंने और उनकी सरकार ने कभी भी प्रतिशोध की राजनीति नहीं की है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेंगे। सिद्धारमैया ने भाजपा पर ही प्रतिशोध की राजनीति करने का आरोप लगाया।

सिद्धारमैया ने भाजपा और जेडीएस के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए ये बात कही। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद भाजपा और जेडीएस ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार येदियुरप्पा के खिलाफ प्रतिशोध की राजनीति कर रही है।


जेडीएस नेता और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने आरोप लगाया था कि राज्य की कांग्रेस सरकार पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के परिवार को निशाना बनाने के बाद अब येदियुरप्पा परिवार को निशाना बना रही है। जब इसे लेकर सिद्धारमैया से सवाल किया गया



तो उन्होंने कहा कि, जब उन्होंने (भाजपा) हमारे खिलाफ मामले दर्ज किए तो क्या वो निशाना बनाना नहीं था? मेरे खिलाफ, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी के खिलाफ मामले दर्ज किए गए, इसे क्या कहा जाना चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दी थी, इसे क्या कहना चाहिए?

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा गया, क्या इसे नफरत की राजनीति नहीं कहा जाना चाहिए। वे लोग हैं, जो बदले की राजनीति करते हैं। हम ऐसा कभी नहीं करते और न ही करेंगे। यह भाजपा का काम है।

### लोग सच्चाई जानते हैं, मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा: येदियुरप्पा




इस बीच, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा ने उनके खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के आरोपों पर कहा कि मैं एक निर्धारित कार्यक्रम के तहत दिल्ली गया था। मैंने पहले ही बता दिया था कि इस महीने की 17 तारीख को मैं सुनवाई के लिए आऊंगा। हाई कोर्ट ने भी निषेधाज्ञा जारी कर दी। मैं सोमवार को सुनवाई के लिए जाऊंगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए येदियुरप्पा ने कहा कि उन्होंने केवल भ्रम पैदा करने का काम किया। मैं किसी से शिकायत नहीं कर रहा हूं। लोग जानते हैं कि सच्चाई क्या है। जनता षड़यंत्र रचने वालों को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा, सभी को सब कुछ मालूम है और मुझे न्यायालिका पर पूरा भरोसा है। मुझे न्याय मिलेगा।

---

### मायावती हार के कारणों पर 23 को करेंगी मंथन



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद 23 जून को सबसे महत्वपूर्ण बैठक करने जा रही हैं। इस बैठक में देशभर के पार्टी के पदाधिकारियों को बुलाया गया है। यूपी से प्रमुख रूप से कोआर्डिनेटर और जिलाध्यक्षों को भी बुलाया गया है, लेकिन खबर है कि इस बैठक से मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को दूर ही रखा है। उन्हें बैठक के लिए बुलावा नहीं भेजा गया है। पिछले छह चुनावों से बसपा लगातार न सिर्फ हार रही है बल्कि उसकी सीटें कम होती जा रही हैं और वोट प्रतिशत भी घट रहा है। 2012 से लगातार तीन विधानसभा चुनाव और 2014 से लगातार चार लोकसभा चुनाव बसपा हार चुकी है।

### PM मोदी 18 को वाराणसी से जारी करेंगे किसान निधि

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता संभालने के बाद पहली बार 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करेंगे। इस दौरान वह देश भर के 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के लिए 20,000 करोड़ रुपए से अधिक की पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करेंगे। PM मोदी स्वयं सहायता समूहों के 30,000 से अधिक सदस्यों को प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे, जिन्हें कृषि सखियों के रूप में प्रशिक्षित किया गया है, ताकि वे पैरा-विस्तार कार्यकर्ता के रूप में काम कर सकें और साथी किसानों को खेती में मदद कर सकें। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाददाताओं से बात करते हुए कृषि क्षेत्र के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पीएम मोदी ने सबसे पहले पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करने से जुड़ी फाइल पर हस्ताक्षर किए।

---

**लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर** विपक्ष ने रखी मांग

## हमें डिप्टी का पद दें, नहीं तो लड़ेंगे स्पीकर का चुनाव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की ओर से लोकसभा के उपसभापति पद की मांग की गई है। उसने कहा है कि यदि इस गठबंधन को डिप्टी स्पीकर का पद नहीं मिला तो वे लोकसभा में अध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा कर सकते हैं। मालूम हो कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने वाला है जो 3 जुलाई को समाप्त होगा। इस तरह यह 9 दिवसीय विशेष सत्र रहने वाला है। इस दौरान अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 26 जून से शुरू होगी। 17वीं लोकसभा में भाजपा के ओम बिरला अध्यक्ष थे, जबकि उपसभापति का पद खाली था। लोकसभा में विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों के साथ उपाध्यक्ष पद को लेकर चर्चा शुरू करेगा। आम तौर पर यह परंपरा रही है की उपाध्याक्ष विपक्ष से होता है। लोकसभा में इस बार स्थिति काफी बदली हुई होगी। दस साल बाद विपक्ष का कोई नेता सदन में होगा। साथ ही विपक्ष की संख्या भी अच्छी रहेगी। ऐसे में वह हर मौके को भुनाने की पूरी कोशिश करेगा। लोकसभा चुनाव में विपक्षी इंडिया गठबंधन को इस बार 233 सीटें मिली है। इनमें अकेले कांग्रेस की करीब 99 सीटें है।



### 2019 में खाली था लोकसभा उपाध्यक्ष का पद

2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद 16वीं लोकसभा में डिप्टी स्पीकर पद भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने अन्नाद्रमुक को दिया गया था। जिसकी ओर से एम थंबीदुरई डिप्टी स्पीकर बनाए गए थे। वहीं 2019 में 17वीं लोकसभा में डिप्टी स्पीकर का चुनाव ही नहीं किया गया। यह पद पूरे समय खाली ही रहा।

### भाजपा उम्मीदवार का समर्थन करेंगी जदयू और तेलुगु देशम पार्टी

जनता दल (यूनाइटेड) के नेता केसी त्यागी ने एक दिन पहले कहा कि उनकी पार्टी और तेलुगु देशम पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा हैं और लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा द्वारा नामित उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। त्यागी ने कहा, जेडीयू और टीडीपी मजबूती से एनडीए में हैं। हम भाजपा द्वारा स्पीकर के लिए नामित व्यक्ति का समर्थन करेंगे। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने राजग के घटक टीडीपी और जेडी (यू) से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष दोनों पार्टियों में से एक हो। आप ने कहा कि यह उनके साथ-साथ संविधान और लोकतंत्र के हित में होगा।

### 26 जून को होना है लोकसभा के नए अध्यक्ष का चुनाव

गौरतलब है कि लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले दोपहर 12 बजे से पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को लिखित रूप से नोटिस दे सकता है। नोटिस में बताया गया कि मौजूदा मामले में अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं। सत्र के पहले दो दिन नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण के लिए समर्पित होंगे। अध्यक्ष के चुनाव के लिए 26 जून की तिथि तय की गई है, जबकि 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

---

**राजनीति पर भारी रिश्ते... सुरेश गोपी ने कहा -**

## इंदिरा मदर ऑफ इंडिया, नयनार व करुणाकरण राजनीतिक गुरु

**एजेंसी** | तिरुवनंतपुरम



केंद्रीय मंत्री और केरल से भाजपा के पहले और एकमात्र लोकसभा सांसद सुरेश गोपी ने कथित तौर पर इंदिरा गांधी को 'मदर ऑफ इंडिया' कहा है। वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। उन्होंने करुणाकरण और माकपा नेता ई.के. नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया।

गोपी यहां पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। दिलचस्प बात है कि सुरेश गोपी ने करुणाकरण के बेटे एवं कांग्रेस नेता के मुरलीधरन को त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र से हराया है। मुरलीधरन 26 अप्रैल के चुनावों में त्रिकोणीय मुकाबले में तीसरे स्थान पर रहे थे। गोपी ने कहा कि करुणाकरण उनके लिए 'राज्य में कांग्रेस पार्टी के पिता' थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि करुणाकरण को केरल में कांग्रेस का 'पिता' बताना दक्षिणी राज्य की सबसे पुरानी पार्टी के संस्थापकों या सह-संस्थापकों के प्रति कोई अनादर नहीं है। गोपी ने कांग्रेस के दिग्गज नेता की प्रशासनिक क्षमताओं की भी सराहना की और उन्हें अपनी पीढ़ी का साहसी प्रशासक करार दिया। सुरेश गोपी ने कहा कि हालांकि उन्होंने 2019 में भी मुरली मंदिर जाने की इच्छा व्यक्त की थी, लेकिन दिग्गज नेता की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल ने राजनीतिक कारणों से उन्हें हतोत्साहित किया। वेणुगोपाल हाल ही में भाजपा में शामिल हो गई हैं। बाद में, सुरेश गोपी शहर के प्रसिद्ध लॉर्डे माता चर्च भी गए और प्रार्थना की

### राजनीतिक मतलब न निकालें

भाजपा नेता ने मीडियाकर्मियों से करुणाकरण स्मारक के उनके दौरे का कोई भी राजनीतिक मतलब नहीं निकालने का आग्रह करते हुए कहा कि वह यहां अपने गुरु को श्रद्धांजलि देने आए हैं। उन्होंने कहा कि नयनार और उनकी पत्नी शारदा की तरह उनके करुणाकरण और उनकी पत्नी कल्याणीकुट्टी अम्मा के साथ भी घनिष्ठ संबंध थे। वह 12 जून को कन्नूर में नयनार के घर भी गए थे।

### गोपी 2019 लोस चुनाव हारे थे, 2024 में मिली जीत

वर्ष 2019 में सुरेश गोपी त्रिशूर से लोकसभा चुनाव हार गए थे। उन्हें 2021 के विधानसभा चुनाव में भी हार का सामना करना पड़ा था। चुनाव में गोपी को पहली जीत 2024 लोकसभा चुनाव में मिली। उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार सुनील कुमार को हराया। कांग्रेस के सीनियर नेता और सांसद मुरलीधरन इस सीट से तीसरे नंबर पर रहे।

---

**लोकसभा चुनाव को लेकर शरद पवार का कटाक्ष, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर साधा सियासी निशाना**

## PM मोदी का धन्यवाद! जहां उन्होंने सभा- रैलियां की, वहां एमवीए जीता

**एजेंसी** | मुंबई

एनसीपी (एससीपी) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में जहां भी उन्होने रोड शो और रैलियां कीं, वहां महाविकास अघाड़ी (एमवीए)ने जीत दर्ज की। इसलिए मेरा यह कर्तव्य बनता है कि मैं प्रधानमंत्री का शुक्रिया अदा करूं। शरद पवार ने शनिवार को यहां महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के उद्धव ठाकरे और पृथ्वीराज चव्हाण ने के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह बात कही। पवार ने कहा, एमवीए के लिए राजनीतिक



माहौल अनुकूल बनाने के लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हैं। ज्ञात रहे कि महाराष्ट्र उन तीन राज्यों में से एक था, जिसमें आम चुनावों में भाजपा और राजग को सबसे बड़ा झटका लगा है। यह पहला ऐसा राज्य था जब जून 2022 में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) अलग होकर भाजपा के साथ मिल गई थी.

### उद्धव ठाकरे ने भी साधा राजग सरकार पर निशाना



वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने एनडीए सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई थी। राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पहले केंद्र में मोदी सरकार थी और अब यह एनडीए सरकार बन गई है। अब देखना यह है कि यह सरकार कितने दिन चलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ही 400 का नारा दिया था। उनके अच्छे दिन के नैरेटिव का क्या हुआ, मोदी की गारंटी का क्या हुआ। देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि हमारी सरकार रिक्शे के तीन पहिए जैसी है, अब केंद्र सरकार का भी यही हाल है।

### यह रहा था महाराष्ट्र का चुनावी हाल

एमवीए ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 29 सीटें जीती हैं। महायुति यानी राजग ने 18 सीटें जीतीं और सांगली से एक निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की।शरद पवार की पार्टी आठ सीटों पर विजयी हुई थी।

### अरुणाचल प्रदेश में मंत्रियों को विभागों का बंटवारा

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने शनिवार को अपने मंत्रिपरिषद के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। इसमें उपमुख्यमंत्री चौना मेन को वित्त और मामा नतुंग को गृह विभाग सौंपा गया है। मुख्य सचिव धर्मेंद्र की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि उपमुख्यमंत्री चौना मेन वित्त, योजना और निवेश विभागों के अलावा कर एवं उत्पाद शुल्क, राज्य लॉटरी, अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी, बिजली और गैर-परंपरागत ऊर्जा संसाधन विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगे। एकमात्र महिला मंत्री दासंगलू पुल को महिला एवं बाल विकास, सांस्कृतिक मामले और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

---

**कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम मोदी पर किया प्रहार**

## गलती से बनी है राजग सरकार, यह ज्यादा दिन नहीं चलेगी: खरगे

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में गठबंधन सरकार गलती से बनी है और वह कभी भी गिर सकती है। क्योंकि पीएम मोदी के पास जनादेश नहीं है। यह अल्पमत की सरकार है। वहीं, खरगे के बयान पर राजग के कई घटक दलों ने पलटवार किया है और यूपीए के तत्कालीन गठबंधन सरकारों को लेकर सवाल किया है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अपने सहयोगियों को एकजुट रखने में काफी परेशानी हो रही है। हम चाहते हैं कि यह जारी रहे, यह देश के लिए अच्छा है। हमें देश को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री की आदत है कि जो अच्छा चल रहा है, उसे चलने नहीं देते। हालांकि, हम देश को मजबूत करने की दिशा में सहयोग करेंगे। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनावों में भाजपा को कुल 240 सीटें मिलीं, जो बहुमत के लिए जरूरी 272 के आंकड़े से कम है। लेकिन भाजपा को राजग के सहयोगी दलों टीडीपी (16), जदयू (12), एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना (7) और लोजपा (5) की मदद से सरकार का गठन किया।



### सही कह रहे हैं खरगे: राजद प्रवक्ता

वहीं, राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा, खरगे सही कह रहे हैं। जनादेश मोदी सरकार के खिलाफ था। मतदाताओं ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। फिर भी वे सत्ता में आए।

### नीट परीक्षा मुद्दे पर पीएम को घेरा

इससे पहले खरगे ने नीट परीक्षा मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया और कहा कि केवल सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में फोरेंसिक जांच ही लाखों युवा छात्रों के भविष्य की रक्षा कर सकती है। खरगे ने दावा किया कि मोदी सरकार ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से 'नीट घोटाले को छुपाना' शुरू कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि अगर नीट में पेपर लीक नहीं हुआ था तो - पेपर लीक के कारण बिहार में 13 आरोपियों को क्यों गिरफ्तार किया गया? क्या पटना पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस यूनिट (ईओयू) ने शिक्षा माफिया और रैकेट में शामिल संगठित गिरोहों को पेपर के बदले 30 लाख रुपए से 50 लाख रुपए के भुगतान का पर्दाफाश नहीं किया? क्या गुजरात के गोधरा में नीट-यूजी धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ नहीं हुआ है? जिसमें एक कोचिंग सेंटर चलाने वाला व्यक्ति, एक शिक्षक और एक अन्य व्यक्ति सहित तीन लोग शामिल हैं।

### अठावले ने यूपीए सरकार पर किया सवाल



इस बीच, खरगे के इस बयान को लेकर राजग के कई नेताओं ने उन पर पलटवार किया है। आरपीआई के नेता और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले और जेडीयू के नेता केसी त्यागी ने उन्हें इस बयान पर घेरा है। अठावले ने कहा, मैं मल्लिकार्जुन खरगे से पूछना चाहता हूं कि जब डॉ.मनमोहन सिंह की सरकार बनी थी, वह यूपीए गठबंधन की ही सरकार थी। कांग्रेस पार्टी के पास भी बिल्कुल बहुमत नहीं था। तब भाजपा की ओर से ऐसा कोई सवाल नहीं उठाया जाता था। खरगे को मेरी सलाह है कि आप विपक्ष की भूमिका को निभाएं।

### ये खरगे की बद्दुआएं हैं, ये इच्छाएं नहीं : त्यागी



केसी त्यागी ने कहा कि खरगे की ये बद्दुआएं हैं, ये इच्छाएं नहीं हैं। त्यागी ने विपक्ष के द्वारा कही जा रही इस बात का भी खुलकर जवाब दिया कि जदयू ने सरकार में रहने के लिए लोकसभा स्पीकर का पद मांगा है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर इस तरह का विचार होता है कि जो पार्टी सत्ता में होती है लोकसभा के स्पीकर का पद उसके पास होता है। इसके साथ यह भी मान्यता है कि जो बड़ा घटक दल होता है उसके पास ये पद आरक्षित रहता है। हमने या हमारे नेता नीतीश कुमार ने किसी भी स्टेज पर ना तो इस पद की मांग की है ना ही हमारे दिलो दिमाग में इस तरह की कोई बात है।

## जरूरी खबर

### हरियाणा मानवीय आधार पर दिल्ली को पानी दे: आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मद्देनजर आम आदमी पार्टी सरकार ने हरियाणा से मानवीय आधार पर यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ने का आग्रह किया है। दिल्ली की जल मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुनक नहर और वजीराबाद जल शोधन संयंत्र में पानी की कमी के कारण राष्ट्रीय राजधानी में शोधित जल का उत्पादन करने में सात करोड़ गैलन प्रतिदिन पानी (एमजीडी)की कमी आ गई है। उन्होंने कहा कि छह जून को दिल्ली में सामान्य रूप से जल उत्पादन लगभग 1,002 एमजीडी था जो अशोधित जल की कमी के कारण शुक्रवार को घटकर 932 एमजीडी रह गया। मंत्री ने कहा कि शुक्रवार को ऊपरी यमुना नदी बोर्ड की बैठक में दिल्ली में जल संकट का कोई समाधान नहीं निकल सका।

### शब्बीर शाह को एक मामले में मिली जमानत




**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की फंडिंग से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को जमानत दे दी है। अदालत ने कहा कि शाह इस मामले में छह साल और 10 महीने तक हिरासत में रह चुका है, और इसमें अधिकतम सजा ही सात साल की है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरज मोर ने सात जून को पारित आदेश में शाह को वैधानिक जमानत देते हुए कहा कि अन्य मामले जिनमें अलगाववादी नेता हिरासत में हैं, वे बहुत गंभीर प्रकृति के हैं। जज ने कहा, उसे वैधानिक जमानत देने से इनकार करने का पर्याप्त आधार नहीं हो सकता, क्योंकि उसे किसी भी अपराध में दोषी नहीं ठहराया गया है।

### मणिपुर: CM के बंगले पास बिल्डिंग में लगी आग

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के सरकारी बंगले के पास राज्य सचिवालय परिसर की एक इमारत में शनिवार शाम को भीषण आग लग गई। आग बुझाने के लिए दमकल की कम से कम तीन गाड़ियों को लगाया गया है। आग लगने का कारण तत्काल पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने बताया कि आग इंफाल के ओल्ड लम्बुलैन में स्थित एक खाली पड़े घर में लगी। पुलिस ने बताया कि यह खाली घर गोवा के पूर्व मुख्य सचिव स्वर्गीय थांगखोपाओ किपगेन का था। किपगेन की मृत्यु 3 मार्च 2005 को हुई थी।

## वायुसेना को मिले जांबाज



**हैदराबाद।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने शनिवार को हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी (एएफए) में ऑफिसर्स कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड का निरीक्षण किया। वायु सेना की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 235 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण के सफल समापन पर यह परेड हुई। इन कैडेट्स को राष्ट्रपति की ओर से कमीशन प्रदान किया गया। इनमें 22 महिला अधिकारी भी शामिल हैं, जिन्हें वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में कमीशन मिला है।

### IIT खड़गपुर के छात्र की हुई थी हत्या



**कोलकाता।** दो साल पहले आईआई टी खड़गपुर में एक छात्र की हुई संदिग्ध मौत के मामले में अब बड़ा राजफाश हुआ है। कलकत्ता हाई कोर्ट की तरफ से नियुक्त किए गए फोरेंसिक विशेषज्ञ डॉ ए. के. गुप्ता ने कहा कि शव की फुटेज की जांच से पता चला है कि कान के नीचे घाव का निशान था। इसका मतलब कि हो सकता है कि छात्र को गोली मारी गई हो या किसी वस्तु से हमला किया गया हो। फोरेंसिक विशेषज्ञ ने अपनी रिपोर्ट कलकत्ता हाईकोर्ट और 2022 से मामले में की जांच कर रही एसआईटी को सौंपी है। फोरेंसिक विशेषज्ञ का कहना है कि वो किसी भी संभावित फैसले के लिए और भी फुटेज देख रहे हैं। लेकिन शव के हालात बताते हैं कि ये सामान्य मौत नहीं थी।

## डीपफेक वीडियो बनाने वालों पर लगाम कसने की तैयारी


# डिजिटल इंडिया बिल होगा पेश आम सहमति बनाएगी सरकार

■ यूट्यूब, फेसबुक और दूसरे वीडियो प्लेटफार्म भी होंगे रेग्यूलेट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार अगामी संद सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बनाए हुए डीपफेक विडियो, फोटोज और अन्य ऑनलाइन कंटेंट के खतरों के मद्देनजर एक विधेयक पेश करने की तैयारी रही है। यह बिल डिजिटल इंडिया नाम से पेश किया जाएगा। इस बिल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को और बेहतर तरीक से इस्तेमाल करने पर भी ध्यान देने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही, सरकार इस बिल को संसद में पेश करने से पहले सभी पार्टियों के साथ इस पर सहमति बनाने का प्रयास करेगी।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार आगामी लोकसभा सत्र में डीपफेक के अलावा यूट्यूब, फेसबुक और दूसरे विडीयो प्लेटफार्मों को रेग्यूलेट करने के लिए भी बिल पेश किए जाने की संभावना है। ज्ञात रहे कि लोकसभा का अगला सत्र 24 जून से शुरू होगा और 3 जुलाई तक चलेगा। राज्यसभा की बैठक 27 जून से 3 जुलाई तक होगी। उसके बाद 22 जुलाई से मानसून सत्र शुरू होगा जो कि 9 अगस्त तक चालू रहेगा। पिछले साल की शुरुआत में तत्कालीन केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भी विधेयक के बारे में संकेत देते हुए कहा था कि हम इस बारे में सोच रहे हैं और इसको नई सरकार द्वारा लागू किया जाएगा। क्योंकि मुझे नहीं लगता कि हम चुनाव के पहले इस बिल को लेकर तैयार हो पाएंगे। यह बिल सदन में पेश करने से पहले हमें कई चीजों को देखना होगा, कई मुद्दों पर सलाह लेनी होगी तब जाकर हम इसे सदन में लाने के लिए तैयार हो पाएंगे।



### डेटा प्रोटेक्शन बिल को मंजूरी मिल चुकी है

भारत में डेटा की सुरक्षा को पुख्ता करने वाले 'डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल' को संसद की पहले ही मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। बिल में प्राइवेसी या डेटा सुरक्षा से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं। बिल के मुताबिक नियमों के उल्लंघन पर कंपनियों पर 500 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### क्या है डीपफेक

डीपफेक एक टेक्नोलॉजी है जिसने कुछ समय से लगातार लोगों के मन में संदेह पैदा किया है। भ्रमित करने वाला कंटेंट और लोगों कि प्रायवेसी को भंग करने वाली यह टेक्नोलॉजी लगातार सरकार के लिए चिंता का विषय बनी हुई थी। लोकसभा चुनावों के पहले चुनाव आयोग ने भी डीपफेक को लेकर अपनी चिंता जताई थी। फिल्म अभिनेत्री रश्मिका मंधाना की एक डीपफेक विडियो वायरल हुई थी जिसके बाद सभी ने इसको लेकर चिंता जताई थी।

## बैठक के बाद कृषि मंत्री ने दिए निर्देश

# खरीफ के लिए खाद-बीज की उपलब्धता को दी जाए प्राथमिकता



**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगामी खरीफ सीजन के लिए खाद, बीज एवं कीटनाशकों की समय पर उपलब्धता को उनके मंत्रालय की शीर्ष प्राथमिकता बताया है। उन्होंने अधिकारियों के साथ खरीफ सीजन 2024 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए फसलों के लिए खाद-बीज जैसी बुनियादी सामग्रियों का समय पर वितरण एवं गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि 'खाद-बीज की आपूर्ति में किसी तरह की बाधा नहीं आनी चाहिए, क्योंकि इसकी वजह से बुवाई में देरी होती है, जिसकी वजह से उत्पादन प्रभावित होता है और किसानों को नुकसान होता है। लिहाजा, खाद-बीज की आपूर्ति में किसी तरह की कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। चौहान ने संबंधित विभाग को स्थिति की लगातार निगरानी एवं समीक्षा करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून का पूर्वानुमान सामान्य से बेहतर है। इस अवसर पर उर्वरक विभाग, केंद्रीय जल आयोग और भारतीय मौसम विभाग के अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण दिए।

## अमेरिकी कंपनी को सब्सिडी मामले में कुमारस्वामी का यूटर्न

# पहले किया सवाल, फिर बोले यह रणनीतिक उद्योग

**एजेंसी** | बेंगलुरु



केंद्रीय भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी सेमीकंडक्टर फर्म माइक्रोन के संबंध में उनकी कथित टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने कहा कि मुझे भविष्य में बहुत सतर्क रहना होगा। उनकी यह टिप्पणी उनके उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने अमेरिका स्थित सेमीकंडक्टर निर्माता कंपनी को गुजरात में हर एक नौकरी के बदले 3.2 करोड़ रुपए की सब्सिडी मिलने की संभावना के बारे में कथित तौर पर सवाल उठाया था। कुमारस्वामी ने कहा कि सेमीकंडक्टर एक रणनीतिक उद्योग है। यह इलेक्टॉरानिक्स और ऑटोमोबाइल विनिर्माण के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। ये दोनों क्षेत्र बहुत सारे रोजगार पैदा करते हैं। मैं पीएमओ द्वारा की गई सेमीकंडक्टर संबंधी पहल की सराहना करता हूं और अपने मंत्रालय के माध्यम से उन्हें पूरा करने की दिशा में काम करूंगा। वहीं, कुमारस्वामी ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान देश में निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ अधिक नौकरियां सृजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझे इतना बड़ा विभाग क्यों दिया है? उन्हें मुझ पर इतना भरोसा क्यों है? यह एक बड़ी जिम्मेदारी है, जो प्रधानमंत्री ने मुझे दी है। उन्होंने कहा कि मेरा काम बड़ी संख्या में निवेशकों को लाना है। सिर्फ निवेशकों को लाना ही नहीं, बल्कि हमें ज्यादा से ज्यादा नौकरियों का सृजन भी करना है।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों की कार्रवाई

# ड्रग्स-आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

■ तीन लोग अरेस्ट

**एजेंसी** | जम्मू


जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों ने मादक पदार्थ और हथियार बरामद किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मादक पदार्थ (हेरोइन) को बेचने के लिए किसी खरीदार की तलाश कर रहा है। इस पर पुलिस ने एक्शन लेते हुए तलाशी अभियान शुरू कर दिया। जिसके बाद कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने मादक-पदार्थ के आतंकी मॉड्यूल का भंडा फोड़ते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दो व्यक्तियों के पास से 500 ग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की गई है। इन आरोपियों की पहचान खावरपरब करनाह निवासी शफीक अहमद शेख और बाघबल्ला निवासी तारिक अहमद मलिक के रूप में हुई है। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि इनके गिरोह में एक और व्यक्ति शामिल था जिसकी पहचान साधपुरा निवासी परवेज अहमद पठान के रूप में हुई है। परवेज को पुलिस और सेना की संयुक्त छापेमारी में गिरफ्तार किया गया, जिसमें उसके पास से तीन पिस्तौल, 76 जिंदा कारतूस, छह मैग्जीन और लगभग पांच किलोग्राम संदिग्ध विस्फोटक बरामद किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि पिछले दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंक की घटनाओं में इजाफा हुआ है, जिसको देखते हुए सुरक्षा बलों और पुलिस ने तलाशी अभियानों में तेजी लाई है।

## रेल मंत्री ने दिए यात्रियों की दिक्कतें दूर करने के निर्देश

# युद्ध स्तर पर काम: ट्रेनों में स्लीपर और जनरल कोच बढ़ाने की तैयारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गर्मियों में यात्रियों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए अधिकारियों को युद्धस्तर पर काम करने के निर्देश दिए हैं। इनमें ट्रेनों में गैर वातानुकूलित स्लीपर व अनारक्षित श्रेणी के कोचों की संख्या बढ़ाना और वातानुकूलित कोचों में एयर कंडीशनिंग प्रणाली के खराब होने की शिकायतों को दूर करना शामिल है। रेलवे के सूत्रों के अनुसार वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग की। इसमें रेलवे बोर्ड के सदस्य व दूसरे सीनियर अधिकारियों के साथ-साथ जोनल रेलवे के महाप्रबंधक और सभी मंडल रेल प्रबंधक शामिल हुए। इस दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए प्राथमिकताएं तय की गईं।



मंत्री ने गर्मियों की भीड़ के दौरान ट्रेनों में भीड़भाड़ की समस्या का संज्ञान लिया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से भीड़भाड़ की समस्या के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया। सूत्रों ने बताया कि रेल मंत्री ने ट्रेनों में स्लीपर श्रेणी और जनरल कैटेगरी के कोचों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। इससे यात्रियों को सुगमता से यात्रा करने की सुविधा मिल सकेगी और वे उच्च श्रेणी कोचों में जबरन घुसने के लिए बाध्य नहीं होंगे। दूसरा- अत्यधिक तापमान और क्षमता से अधिक यात्रियों के सवार होने से एसी-3 और एसी-2 के कोचों में एयर कंडीशनर फेल हो रहे हैं। इससे वातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों के लिए भी भारी मुश्किल हो रही है। वैष्णण ने निर्देश दिए कि गाड़ियों के परिचालन के पहले एसी सिस्टम की ठीक से जांच व जरूरी सर्विस की जाए। साथ ही, एसी में खराबी की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

### ट्रेनों को समय से चलाना जरूरी



रेल मंत्री ने समय की पाबंदी पर जोर देते हुए कहा कि ट्रेनों का समय से चलाना होगा। उन्होंने कुछ खास हिस्सों पर ट्रेनों के देरी से चलने के मूल कारणों का विश्लेषण करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रेनों के परिचालन में अनुचित अवरोध स्वीकार्य नहीं होंगे। समय के पालन के आंकड़ों की सख्ती से निगरानी की जानी चाहिए और समग्र समय के पालन में सुधार किया जाना चाहिए। बैठक में रेल मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा, संरक्षा एवं बुनियादी ढांचा सर्वोपरि है। इस मोर्चे पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। रेल अधिकारियों को तीनों बातों पर भी निरंतर जोर देते रहना होगा। बैठक में इन सभी बिन्दुओं पर गहनता से विस्तृत विचार मंथन किया गया।

### दो माह में दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

रेलवे मंत्री वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का रैक बनकर तैयार है। ट्रेन दो महीने के भीतर पटरियों पर दौड़ने लगेगी। यह विदेशों में चलने वाली ट्रेन से कम नहीं होगी। 100 दिन के एजेंडे में वंदे मेट्रो को भी चलाने की योजना को शामिल किया गया है। दो वंदे मेट्रो का रैक बनकर तैयार है। इसका ट्रायल रन जल्द ही शुरू होना है। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में करीब 310 किलोमीटर तक पटरी बिछाने को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वैष्णव ने यह भी कहा कि हर दिन करीब 15 किलोमीटर ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है। रेलवे ने 5,300 किलोमीटर नई पटरी बिछा कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विनिर्माण कार्य पर जोर इसलिए भी दिया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सके और वेटिंग टिकट की समस्या कम हो सके। गर्मी के मौसम में रेलवे ने 19,837 स्पेशल ट्रेन चलाकर रिकॉर्ड बनाया है। इन ट्रेनों से अतिरिक्त चार करोड़ लोगों ने सफर किया। ट्रेन यातायात को सुरक्षित करने के लिए 6000 किलोमीटर ट्रैक को कवच से लैस किया जा रहा है।

### जयपुराइट्स को भाई इंडिया टूर पर निकली 6 हजार किलो की दैत्यकाय कार बुज्जी

# 'कल्कि' के प्रमोशन में गुलाबी नगरी की सैर पर निकली भैरवा की सवारी

**बेधड़क.जयपुर।** बुज्जी-बुज्जी और सिर्फ बुज्जी। जी नहीं ये कोई क्रिकेटर का नाम नहीं है, जिसे स्टेडियमें लिया जा रहा है, बल्कि ये एक विशालकाय कार है जो जयपुर आई तो लोग नाम रटने लगे। ये थी एक्टर प्रभास की फिल्म 'कल्की' में दिखाई देने वाली 6 हजार किलो की स्पेशल देत्यकाय कार, जो इंडिया टूर के चलते गुलाबी नगरी आई थी। जवाहर सर्कल पर जब इस कार को डिस्पले किया गया तो हर उम्र के लोग बुज्जी-बुज्जी करने लगे। दरअसल कल्कि मूवी की रिलीज से पहले खूब चर्चा इस कार की वजह से भी है। फिल्म में प्रभास एक ऐसी कार चलाते नजर आएंगे, जिसका वजन 6 हजार किलो है। कार को आम लोगों के बीच डिस्प्ले किया गया, जहां लोग इसके साथ फोटो क्लिक कराने के लिए आतुर रहे। मूवी में बुज्जी प्रभास की बेस्टी बनी है, जिस पर सवार होकर वे स्टंट करते नजर आएंगे।





#### प्रमोशन का अनूठा तरीका अपनाया

गौरतलब है कि कल्कि मूवी का प्रमोशन का यह एक अनूठा तरीका है, जिसके तहर कार को कई शहरों में ले जाया जा रहा है। कार के जरिए फिल्म मेकर्स प्रमोशन कर रहे हैं और इसी बहाने इस अनूठी कार के साथ लोगों को फोटोज क्लिक कराने का मौका मिल रहा है।

#### आनंद महिंद्रा ने भी की थी सवारी

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले बुज्जी से स्वयं आनंद महिंद्रा भी प्रभावित नजर आए थे और उन्होंने इसकी सवारी की थी। उस सवारी की फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। वहीं मूवी की बात करें तो ये करीब 600 करोड़ की लागत से बनी है। मूवी के ट्रेलर में कार के जरिए भयंकर स्टंट दिख रहे हैं। कार का डिजाइन भी रेसिंग कार की तरह है और इसमें टायर्स भी फार्मूला वन कार जैसे हैं, लेकिन टायर्स बहुत विशालकाय हैं।



#### बच्चों-युवाओं को किया आकर्षित

बुज्जी ने सबसे ज्यादा बच्चों और युवाओं को आकर्षित किया। बच्चे कार के साथ फोटोज क्लिक कराने के लिए उत्साहित दिखाई दिए और युवाओं ने कार की जानकारी लेनी चाही।

### 15 अगस्त को आएगी 'DI'




**बेधड़क. जयपुर।** राम पोत्थीनेनी और संजय दत्त स्टारर पेन इंडिया फिल्म डबल इस्मार्ट 15 अगस्त को रिलीज होगी। पुरी जगन्नाथ के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म राम की 2019 में आई सुपरहिट फिल्म इंस्मार्ट शंकर का सीक्वल है। 15 अगस्त पर इसका मुकाबला अक्षय कुमार की खेल-खेल में, जॉन अब्राहम की वेदा से क्लैश होगा। गौरतलब है कि जब से पुष्पा और सिंघम अगैन 15 अगस्त से हटी हैं, इस दिन के लिए रिलीज होने वाली मूवीज की लिस्ट बढ़ती जा रही है।

### बुलकेश जिला उपाध्यक्ष बनीं

**बेधड़क. जयपुर।** एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के स्टेट चेयरमैन सुमंत सिंह जागावत ने बुलकेश चौधरी को जयपुर शहर जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। बुलकेश की नियुक्ति केंद्र सरकार की ओर से संचालित नारी उत्थान कार्यक्रम और महिला सशक्तिकरण योजनाओं के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा गरीब बेरोजगार महिलाओं को ट्रेनिंग देने व एमएसएमई की योजनाओं से जोड़ने के लिए की गई है।



### गुलाबी नगरी में शौर्य वंदन आज

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में रविवार को कारगिल दिवस की सिल्वर जुबली के मौके पर शौर्य वंदन का अनूठा प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा। मानसरोवर स्थित दीप स्मृति सभागार में सुबह 11 बजे से होने वाले प्रोग्राम को कारगिल वॉर के जवानों और उनके परिवारों को डेडिकेट किया जाएगा। इस मौके पर कारगिल युद्ध में शामिल जवानों के परिवार जयपुर, भरतपुर, अलवर, करौली, सवाई माधोपुर, जोधुपर, पाली, कोटा, अजमेर आदि स्थानों से आमंत्रित किए गए हैं।

## City इवेंट्स

### शैतान के सिनेमाघरों में 100 दिन पूरे



**बेधड़क. जयपुर।** अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका स्टारर 'शैतान' ने सिनेमाघरों में 100 दिन पूरे कर निया। मेकर्स ने इसका जश्न मनाया। फिल्म वर्तमान में 15वें सप्ताह में चल रही है। विकास बहल के निर्देशन में बनी इस मूवी को दर्शकों का बहुत अच्छा रिस्पांस मिला और यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करने वाली मूवी साबित हुई। इस मूवी में अजय देवगन और ज्योतिका ने तो आकर्षित किया ही, लेकिन महफिल माधवन ने लूट ली।

### प्रो. सोनी का नाम LBOW रिकॉर्ड में

**बेधड़क. जयपुर।** लंदन बुक का वर्ल्ड रिकॉर्ड में जयपुर के प्रताप नगर निवासी प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार सोनी ने नाम दर्ज कराया है। लंदन वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड ने यह अवॉर्ड उन्हें कैलेंडर वर्ष के 100 से 300 साल पुराने किसी भी माह की तारीख बताने पर उसका दिन यानी वार बताने पर दिया गया। साथ ही भविष्य के कैलेंडर के दिन बताना शामिल है। डॉ. सोनी ने 52 प्लेइंग कार्डस के रेंडम क्रम को उल्टे और सीधे क्रम का सीरियल नंबर बताकर भी रिकॉर्ड बना चुके हैं। लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के इंडिया हैड अविनाश डी. सकुंदे ने इस उपलब्धि के लिए डॉ. विजय को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।



### तबले की तिरकिट पर नाच उठीं ताले

**बेधड़क. जयपुर।** नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में युवा तबला कलाकार पीयूष कुमार राव ने तबले पर उंगलियों का ऐसा जादू चलाया कि दर्शक रोमांचित हो गए। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि राव ने कार्यक्रम की शुरुआत उठान, पेशकार, कायदा फर्रुखाबाद घराना, दिल्ली घराने का कायदा और बनारस घराने का चाला बजाकर की। इसके बाद तबला वादन में मध्यलय में परण, फरमाइशी, टुकड़ा, रेला, तिहाई, चक्रधर तिहाई, कुछ लय बोलबत और लगी लड़ी तिरकिट बजाई और जयपुर घराने की कुछ गते परण पर उंगलियों का जादू चलाया। हारमोनियम पर युवा संगीतज्ञ भानु कुमार राव ने सुरीली संगत से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी मनोज स्वामी ने किया।



### सांस्कृतिक विद्याश्रम के सुरुचि केंद्र सभागार में कार्यक्रम

## 'एक विधा अनेक' में मोहन वीणा पर छेड़े राग बागेश्वरी के स्वर



**बेधड़क | जयपुर**

संगीत रसिकों के बीच विद्याश्रम के सुरुचि केंद्र सभागार में पंडित आलोक भट्ट ने मोहन वीणा पर जब राग बागेश्वरी के स्वर छेड़े तो श्रोताओं ने तालियां बजाकर मौके की राग का स्वागत किया।

रंगशिल्प भुवन्स सुरूचि केन्द्र की ओर से कल्पना संगीत विद्यालय समिति के सहयोग से आयोजित स्वर मीमांसा कार्यक्रम में कलाकार 'एक विधा अनेक' में पंडित आलोक भट्ट ने बागेश्वरी में आलाप, जोड़, झाला के बाद मध्यलय द्रुत तीन ताल, विलंबित द्रुतगत के बाद राग किरवानी में धुन प्रस्तुत की। इससे पूर्व रंगकर्मी और लोक गायक ईश्वर दत्त माथुर ने पंडित आलोक भट्ट की संगीत पृष्ठभूमि और उनकी संगीत यात्रा, साहित्य सृजन और सांस्कृतिक क्षेत्र में उनके अवदान पर सार्थक चर्चा की।

पंडित आलोक भट्ट ने कहा कि संगीत ही ईश्वर उपासना का सहज और सरल माध्यम है और मन की अभिव्यक्ति है। सरल बिहारीजी मंदिर के महंत पंडित दीपक गोस्वामी और समाजसेवी व साहित्यकार प्रभाकर गोस्वामी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

रंगशिल्प सचिव राजेंद्र शर्मा ने स्वागत किया और अंजू भट्ट ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस मौके पर बड़ी संख्या में कला प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने कलाकार को मोटिवेट किया।

### दृश्य भारती सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था में नाटक

## फिर से सोने की चिड़िया बनने जा रहा है अपना देश भारत



**बेधड़क | जयपुर**

दृश्य भारती सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था जयपुर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से ललित प्रकाश द्वारा लिखित नाटक 'लो आई वापस सोने की चिड़िया' का मंचन शनिवार को प्रातः 10:30 बजे रामनगर स्थित संस्था सभागार में किया गया। नाटक में बताया गया है कि हमारे भारत देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था। हमारे पुरखों ने सभी विषयों में गहन अध्ययन कर ज्ञान का भंडार प्राप्त किया था। नालंदा, तक्षिला, विक्रमशिला विश्वविद्यालय केवल भारत में ही था। आज से ढाई हजार साल से भी पहले लोग जब बाकी देशों में गुफाओं में रहते थे तब से हमारे देश भारत में नाटक खेला जाता था, जिसके आधार को हम आज भारतमुनि द्वारा लिखित पंचम वेद यानी नाट्यशास्त्र के नाम से जानते हैं। नाटक बहुत की कमाल का माध्यम है जिससे बहुत ही मनोरंजक तरीके से हम समाज को हमारी संस्कृति, धरोहर, मूर्तिकला, वेद, पुराण आदि को फिर से समझा सकते है। विजय राजोरिया, चित्रांश पालीवाल, कुलदीप शर्मा, मोहित कुमार बैरवा, अनन्या पालीवाल, पुनीत कुमार, आयुषी तंवर, सुमन शर्मा, सुगना चौधरी, विजयलक्ष्मी शर्मा, सुरेंद्र कुमार जांगिड़, नीमा कंवर, कृतिका, लोचन, शोभित, आदि ने भाग लिया। नाटक का निर्देशन उमा शर्मा एवं चित्रांश पालीवाल ने किया।

**एक्टिविटी** नेपाल, झारखंड और महाराष्ट्र से आए आर्टिस्ट्स ने की लाइव पेंटिंग

## कैनवास पर उकेरा पौराणिक और आधुनिक काल का भारत

**बेधड़क | जयपुर**

अलग-अलग आर्ट फॉर्म्स के साथ कलाकारों ने भारत के पौराणिक और आधुनिक रूप कैनवास पर उकेरे। झारखंड, नेपाल, महाराष्ट्र से आए आर्टिस्ट्स ने गुलाबी नगरी में कला का लाइव स्वरुप प्रस्तुत किया। वैशाली नगर स्थित आईसीए रेजीडेंसी में चल रहे लाइव पेंटिंग एक्टिविटी के दौरान सभी आर्टिस्ट्स ने शैली का सजीव प्रदर्शन किया। अभिनव बंसल और क्यूरेटर हेम राणा ने बताया कि 15 दिवसीय वर्कशॉप में नेपाल के आर्टिस्ट एस. सी सुमन ने मधुबनी शैली का प्रदर्शन किया। उनकी तैयार की गई 2 पेंटिंग्स में प्रकृति, प्रेम और सद्भावना को शोकेस किया। पेंटिंग्स में कृष्णा राधा रास देखना खास था।





#### दादी की दीवारों पर चित्रकारी ने बनाया कलाकार

मधुबनी शैली में 40 साल के अनुभव और अपनी कला यात्रा के बारे में उन्होंने बताया कि पेंटिंग और आर्ट से जुड़ा कोई भी किताबी अनुभव लेने का मौका नहीं मिला। बचपन में दादी घर को सजाने के लिए दीवारों पर चित्रकारी करती थी, जिन्हें देखते हुए कला की ओर रुझान बढ़ा। एससी सुमन द्वारा बनाई गई कलाकृतियों ने नेपाल की सियासत पर कटाक्ष किए। साथ ही उनके द्वारा तैयार की गई सतयुग, त्रेता युग, द्वापर युग और कलियुग सीरीज को नेपाल के वर्ल्ड बैंक में रखा गया है। 2014 में नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. सुशील कोइराला ने आर्टिस्ट की कला के लिए नेपाल के फाइन आर्ट अकादमी का काउन्सिल मैंबर और लोक कला के विभाध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया था।

#### दिखाए प्रेम के विभिन्न स्वरूप

महाराष्ट्र के रमेश गुर्जर ने भारतीय रेखाओं से तैयार किया गया चित्रण में प्रेम के विभिन्न स्वरुप दिखाए। उनकी दो पेंटिंग्स में उन्होंने कृष्ण और गौ प्रेम और दूसरी में पिता का अपने परिवार के प्रति प्रेम को कैनवास पर शोकेस किया। रंगों का खूसबूरत ताल मेल और लहरों जैसी रेखाओं से सजी कलाकृतियों से कला प्रेमियों के साथ ही बॉलीवुड जगत के सेलिब्रिटी खासा प्रसंशक रहे हैं।



जीवन की सबसे बड़ी चुनौती अपनी सीमाओं और खुले आसमान के बीच के दायरे को समझना है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## G-7 में विश्व नेताओं पर छाया PM मोदी का जादू, कोई मिला गले तो किसी ने खींची सेल्फी

# जॉर्जिया ने कहा- "हेलो फ्रॉम द मेलोडी टीम"





### जो बाइडेन भी मोदी को ढूंढ़ते नजर आए

एजेंसी | इटली

रिकॉर्ड तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर इटली गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जी-7 शिखर सम्मेलन में जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए विश्व नेताओं में गजब की बेचैनी देखी गई। हालत यह हो गई कि हर कोई पीएम मोदी को एक सेलिब्रिटी के तौर पर देख रहा था। ज्यादातर विश्व नेता पीएम मोदी से मिलने को बेताब रहे। किसी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी खींची तो कोई गले मिलने लगा। बाद में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी पीएम मोदी के साथ खास सेल्फी ली। उन्होंने इसका एक शॉर्ट वीडियो भी बनाया और अपने एक्स एकाउंट पर शेयर किया।

जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर जॉर्जिया मेलोनी ने मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने पीएम मोदी के साथ बनाए वीडियो को अपने एक्स एकाउंट पर शेयर करते लिखा- "हाय फ्रेंड्स, मोलीडी। वह वीडियो में हंसकर -"हेलो फ्रॉम द मेलोडी टीम" भी कहते हुए दिख रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी इस वीडियो में हंसते दिख रहे हैं।

### यूएई के राष्ट्रपति भी मिले गले

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहियान ने भी जी 7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से गर्मजोशी के साथ मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को गले लगा लिया। इसके बाद उन्होंने उनका हालचाल पूछा और तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी।

### बाइडेन भी मोदी से मिले गले

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन भी जी7 में पीएम मोदी को ढूंढ़ते नजर आए। मोदी के दिखते ही बाइडेन उनसे गले मिलने लगे। इसके बाद दोनों नेताओं ने साथ में कई तस्वीरें खिंचवाई। इसी तरह पोप फ्रांसिस ने भी पीएम मोदी को गले लगा दिया। विश्व के अन्य नेताओं ने भी पीएम मोदी के साथ गर्मजोशी से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। ज्यादातर सभी नेताओं में पीएम मोदी से मिलने के लिए जबरदस्त क्रेज देखा गया।

## G-7 देशों ने दिया PM Modi को बड़ा तोहफा

# किया ऐलान... हाई स्पीड रेलवे के साथ यूरोप से सीधे जुड़ेगा भारत

एजेंसी | बारी (इटली)

जी7 शिखर सम्मेलन में बतौर आमंत्रित सदस्य शामिल होना भारत के लिए बेहद लाभकारी साबित हुआ है। जी7 देशों ने भारत को सबसे बड़ा तोहफा दिया है। इसके जरिये भारत को अब सीधे हाईस्पीड रेलवे के जरिये यूरोप से जोड़ने पर सहमति बनी है। इससे पश्चिम एशिया से लेकर यूरोप तक भारत का व्यापार कई गुना तक बढ़ जाएगा। बता दें कि जी7 के अंत में सात औद्योगिक देशों के समूह ने विज्ञप्ति जारी करके भारत-पश्चिम-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) जैसे ठोस बुनियादी ढांचे के प्रस्तावों को आगे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

साथ ही इस प्रोजेक्ट को सड़क मार्ग के अलावा हाईस्पीड रेलवे के साथ भी जोड़ने का प्लान तैयार किया है। यह विज्ञप्ति शुक्रवार शाम को लक्जरी रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में प्रथा के तौर पर ''पारिवारिक फोटो'' के बाद जारी की गई। इसके साथ जी7 ने कानून के शासन के आधार पर ''स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत'' के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेजबान इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया।



### भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप के बीच बनेगा आर्थिक गलियारा!

भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों द्वारा चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। बीआरआई एक विशाल संपर्क परियोजना है जो चीन को दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़ती है। पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था।

### यह की गई घोषणा

विज्ञप्ति में कहा गया, 'हम गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और निवेश की खातिर परिवर्तनकारी आर्थिक गलियारे विकसित करने के लिए जी7 पीजीआईआई (वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिए साझेदारी) के ठोस प्रस्ताव, प्रमुख परियोजनाओं और पूरक प्रस्तावों को बढ़ावा देंगे, जैसे कि लोबिटो कॉरिडोर, लुजोन कॉरिडोर, मिडिल कॉरिडोर और भारत-पश्चिम एथिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर के लिए हमारे समन्वय तथा वित्तपोषण कार्यक्रम को मजबूत करना, इसके साथ ही ईयू ग्लोबल गेटवे, ग्रेट ग्रीन वॉल पहल और अफ्रीका के लिए इटली द्वारा शुरू की गई मैटेई योजना को तैयार करना।'

## मैककॉल और नैन्सी पेलोसी के साथ US दल आएगा अगले हफ्ते भारत


# दलाई लामा से करेंगे बात

एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल अगले हफ्ते भारत की यात्रा करने वाला है। इस प्रतिनिधिमंडल में चीन की शीर्ष दुश्मन मानी जाने वाली नैन्सी पेलोसी भी शामिल रहेंगी। हालांकि, यह प्रतिनिधिमंडल प्राथमिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए भारत नहीं आ रहा, बल्कि उनका उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में रहने वाले तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा से मुलाकात करना है। यह मुलाकात तब होने जा रही है, जब अमेरिकी सीनेट ने हाल में ही तिब्बत को लेकर एक नए विधेयक को मंजूरी दी है। इस विधेयक के तहत तिब्बत पर चीन के दावे को अमेरिका चुनौती देगा। भारत आने वाले इस द्विदलीय कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के रिपब्लिकन अध्यक्ष माइकल मैककॉल कर रहे हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में स्पीकर एमेरिटा नैन्सी पेलोसी (डी-सीए), हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी रैंकिंग सदस्य ग्रेगरी डब्ल्यू. मीक्स (डी-एनवाई), हाउस रूल्स कमेटी रैंकिंग सदस्य जिम मैकगवर्न (डी-एमए), इंडो-पैसिफिक रैंकिंग सदस्य एमी बेरा (डी-सीए), और प्रतिनिधि मैरिएनेट मिलर-मीक्स (आर-आईए), और निकोल मैलियोटाकिस (आर-एनवाई) शामिल हैं।

### दलाई लामा से इसलिए करेंगे मुलाकात

इसमें कहा गया है, "वहां, प्रतिनिधिमंडल परम पावन, 14वें दलाई लामा, भारतीय सरकारी अधिकारियों और देश में अमेरिकी व्यवसायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा।" चेयरमैन मैककॉल ने कहा, "भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है।" मैककॉल के हवाले से विज्ञप्ति में कहा गया है, "मैं सरकारी अधिकारियों और अमेरिकी व्यापार समुदाय से मिलने के लिए उत्सुक हूं, ताकि यह सीख सकूं कि हम भारत के साथ अपने संबंधों को कैसे मजबूत बना सकते हैं। दलाई लामा से मिलने का अवसर पाकर मैं भी सम्मानित महसूस कर रहा हूं।"



### तिब्बतियों को स्वतंत्रता प्रेमी बताया

मैककॉल ने कहा कि तिब्बती "लोकतंत्र-प्रेमी लोग" हैं, जो अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "इस यात्रा से अमेरिकी कांग्रेस में तिब्बत के अपने भविष्य के बारे में निर्णय लेने के लिए द्विदलीय समर्थन को उजागर करना चाहिए।" मीक्स ने कहा, "हम अमेरिका-भारत संबंधों के लिए मजबूत समर्थन प्रदर्शित करने को उत्सुक हैं।"

### पुतिन ने युद्ध खत्म करने के लिए रखी शर्तें

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन से शांति वार्ता शुरू करने के लिए दो शर्तें रखी हैं। पहली, यूक्रेन को दोनेत्स्क, लुहांस्क, खेरसोन और जापोरजिया से अपने सैनिक हटाने होंगे। दूसरी, यूक्रेन नेटो में शामिल नहीं होगा। यूक्रेन से संभावित युद्धविराम के लिए पुतिन की शर्तें ऐसे वक्त पर सामने आई हैं, जब शनिवार को 90 मुल्कों के प्रतिनिधि स्विट्जरलैंड में मुलाकात करने वाले हैं। इस सम्मेलन में यूक्रेन के लिए शांति की राह पर चर्चा होनी है। इसमें रूस को आमंत्रित नहीं किया गया है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की इसमें शिरकत करने वाले हैं।

## एयरपोर्ट बनाने के लिए हो रही थी खुदाई

# ग्रीस में मिली करीब 4000 साल पुरानी अनूठी इमारत

एजेंसी | एथेंस

ग्रीस में एक करीब चार हजार साल पुरानी इमारत की खोज की गई है। क्रेटन पहाड़ी की चोटी पर ये बिल्डिंग मिली है। ये क्षेत्र पर्यटन के लिहाज से काफी अहम है। पर्यटकों की आसानी के इस द्वीप पर सरकार हवाई अड्डा बना रही है। इसी परियोजना के लिए खुदाई के दौरान ये इमारत मिली है, जिससे यहां एयरपोर्ट का प्रोजेक्ट भी लटकता दिख रहा है। 4,000 साल पुरानी गोल पत्थर की ये इमारत पुरातत्वविदों को हैरान कर रही है। ग्रीस के संस्कृति मंत्रालय ने कहा कि यह संरचना क्रेते की मिनोअन सभ्यता की है।



### भूलभुलैया जैसी दिखती है

रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रीस के संस्कृति मंत्रालय ने कहा है कि ये खोज मिनोअन सभ्यता के दौर के शानदार महलों, कला और रहस्यमय लेखन प्रणाली को समझने में मददगार साबित हो सकती है। ये इमारत ऊपर से एक विशाल कार के पहिए जैसा दिखती है। 1,800 वर्ग मीटर (19,000 वर्ग फुट) की इमारत के खंडहर एक भूलभुलैया की तरह दिखती है। मंत्रालय ने कहा कि इमारत का उपयोग मुख्य रूप से 2,000 और 1,700 ईसा पूर्व के बीच किया गया था, जब क्रेते के पहले महलों का निर्माण किया जा रहा था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl